दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 78 | सीकर, शुक्रवार 15 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# अजब-गजब : रिकॉर्ड है ही नहीं, निरीक्षण के लिए बुलावा

## सरकारी रिकॉर्ड ही गायब ! कटघरे में झुंझुनूं रजिस्ट्री विभाग

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के उप पंजीयक कार्यालय झुंझुनूं से जुड़ा एक गंभीर प्रशासनिक मामला सामने आया है, जिसने सरकारी रिकॉर्ड की सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में विभाग द्वारा संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने की बात स्वीकार करना पूरे मामले को और अधिक संवेदनशील बना रहा है। उप पंजीयक कार्यालय झुंझुनू द्वारा जारी कार्यालय आदेश क्रमांक 121, दिनांक 30 अप्रैल 2026 के अनुसार आरटीआई पोर्टल पर आवेदन संख्या 180048527388459, 180074800515351, 180194415843699 एवं 180455721615768 प्राप्त हुए थे। इन आवेदनों में दस्तावेज संख्या 2101 दिनांक 07 जून 2018 तथा दस्तावेज संख्या 2157 दिनांक 30 मई 2019 से संबंधित नोटिस, पत्रावली एवं अन्य अभिलेखों की जानकारी मांगी गई थी।

### जांच प्रक्रिया और जिम्मेदारी तय

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए विभागीय स्तर पर रिकॉर्ड की तलाश शुरू की गई। इसके लिए सहायक प्रशासनिक अधिकारी त्रिलोक सिंह, वरिष्ठ सहायक विद्याधर महला और दिव्या चौधरी को संबंधित फाइलों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इन अधिकारियों द्वारा कार्यालय रिकॉर्ड रजिस्टर, फाइलों और संबंधित शाखाओं में गहन स्तर पर जांच की गई।

### जांच रिपोर्ट ने बढ़ाई गंभीरता


कार्यालय आदेश के नीचे दर्ज हस्तलिखित जांच टिप्पणी में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि संबंधित दस्तावेजों से जुड़ी फाइलें एवं पत्रावलियां रिकॉर्ड रजिस्टर में उपलब्ध नहीं हैं। इतना ही नहीं संबंधित शाखाओं में भी इनका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला।

यह तथ्य सामने आते ही पूरा मामला गंभीर हो गया क्योंकि जिन दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई थी वे पंजीकृत दस्तावेज हैं, जिनका सुरक्षित रहना और उपलब्ध होना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है।

### व्यवस्था पर उठे बड़े सवाल

प्रशासनिक जानकारों के अनुसार पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग का रिकॉर्ड सीधे तौर पर जमीन, संपत्ति और कानूनी अधिकारों से जुड़ा होता है। ऐसे में रिकॉर्ड का गायब होना केवल एक सामान्य प्रशासनिक त्रुटि नहीं माना जा सकता बल्कि यह रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली में संभावित खामी, लापरवाही या अन्य गंभीर कारणों की ओर संकेत करता है।



### रिकॉर्ड ही नहीं फिर निरीक्षण किसका...?

**सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस प्रकरण में भी आरटीआई के माध्यम से ही यह तथ्य सामने आया कि विभाग के पास संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। जब कोई सरकारी विभाग स्वयं यह स्वीकार करे कि उसके पास आवश्यक रिकॉर्ड नहीं है, तो यह स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। विभाग की ओर से निरीक्षण की अनुमति तो दे दी गई लेकिन जब रिकॉर्ड के मौजूद नहीं होने की बात खुद विभाग स्वीकार कर चुका है तो निरीक्षण आखिर किसका किया जाएगा-यह विरोधाभास पूरे मामले को और संदिग्ध बना रहा है।**

### जवाबदेही और जांच पर टिकी निगाहें

**इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब नजर इस बात पर है कि क्या विभाग इस मामले की गहन जांच कराएगा, रिकॉर्ड के गायब होने के कारणों का खुलासा करेगा और जिम्मेदार अधिकारियों/कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई करेगा या फिर मामला केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह जाएगा।**


### आमजन के बीच यह सवाल

**स्थानीय स्तर पर इस प्रकरण को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और आमजन के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जब सरकारी रिकॉर्ड ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।**

# राजकीय भरतिया अस्पताल में सफाई व्यवस्था बेपटरी

## 80 सफाईकर्मी, हर माह 10 लाख खर्च फिर भी गंदगी से मरीज परेशान

### मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने निरीक्षण कर लगाई फटकार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू के सबसे बड़े राजकीय भरतिया अस्पताल में सफाई व्यवस्था की बदहाली ने अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के सबसे बड़े राजकीय भरतिया अस्पताल में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। अस्पताल प्रशासन की ओर से सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 80 सफाईकर्मियों को ठेके पर लगाया गया है और हर माह लगभग 10 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल परिसर और वार्डों में गंदगी का आलम बना हुआ है। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्थाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लचर सफाई व्यवस्था से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला तब सामने आया जब एसआईसीयू वार्ड में भर्ती एक मरीज के परिजनों ने गंदगी को लेकर अस्पताल स्टाफ से शिकायत की। आरोप है कि संतोषजनक जवाब देने के बजाय कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन को लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए सफाई व्यवस्था की तस्वीरें भी भेजीं। शिकायत मिलते ही मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एम.एम. पुकार ने तुरंत अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर से लेकर विभिन्न वार्डों तक गंदगी नजर आई, जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल ने सफाई सुपरवाइजर से कर्मचारियों की तैनाती और कार्य व्यवस्था की जानकारी ली तथा तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु इकाई, ट्रॉमा सेंटर और बायोमेडिकल वेस्ट कक्ष का भी जायजा लिया। ट्रॉमा वार्ड की दीवारें पान मसाले की पीक से रंगी मिलीं, जिस पर संबंधित इंचार्ज को फटकार लगाई गई। वहीं बायोमेडिकल वेस्ट कक्ष के बाहर भी कचरा बिखरा मिला। जांच में यह भी सामने आया कि सफाई ठेका होने के बावजूद सफाई कर्मचारियों के दस्तावेज अस्पताल प्रशासन को उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं। साथ ही अब तक किसी भी सफाई कर्मचारी की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं हुई है। मामले में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एम.एम. पुकार ने बताया कि उन्हें मरीज की ओर से लिखित शिकायत और फोटो प्राप्त हुए थे, जिसके बाद उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में वास्तव में सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिली। इसके बाद सफाई सुपरवाइजर, नर्सिंग ऑफिसर और ठेकेदार को मौके पर बुलाकर गंदगी दिखाई गई और दो दिन में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि शिकायत में मरीज के परिजनों ने सफाई कर्मचारी द्वारा कथित रूप से अभद्र व्यवहार का भी आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार सफाईकर्मी ने कहा कि अगर ज्यादा व्यवस्था चाहिए तो प्राइवेट अस्पताल में जाओ। हालांकि प्रिंसिपल ने कहा कि अभी तक संबंधित कर्मचारी से उनकी बातचीत नहीं हुई है। डॉ. पुकार ने कहा कि अस्पताल में करीब 80 सफाईकर्मियों का ठेका दिया गया है, जिस पर प्रतिमाह लगभग 7 लाख रुपए खर्च होते हैं। इसके अलावा सफाई सामग्री और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन सहित कुल खर्च करीब 10 लाख रुपए तक पहुंचता है। उन्होंने माना कि इतने बड़े खर्च के बावजूद व्यवस्थाओं में कमियां नहीं रहनी चाहिए। प्रिंसिपल ने साफ कहा कि मामले में अधीक्षक से चर्चा कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्जब हर माह लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं तो ऐसी अव्यवस्था किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। अब सवाल यही उठ रहा है कि जब अस्पताल प्रशासन हर माह लाखों रुपए खर्च कर रहा है, तो फिर मरीजों को गंदगी के बीच इलाज क्यों करवाना पड़ रहा है। फिलहाल अस्पताल प्रशासन ने जल्द व्यवस्था सुधारने का दावा किया है, लेकिन देखना होगा कि जमीनी स्तर पर हालात कब तक बदलते हैं।

### अस्पताल में अव्यवस्था या राजनीति

वहीं शहर में अस्पताल व्यवस्था को लेकर राजनीति होनें की भी चर्चाएं जोरो पर है, लोगो का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों में ताल मेल नहीं होने के कारण भी आए दिन आमजन को अस्पताल की समस्याओं से जूझना पड़ता है। सफाई व्यवस्था को लेकर हुई टेंडर प्रक्रिया में भी राजनेता और जिम्मेदार अधिकारियों की खींचतान बनी हुई है।

# फायरिंग की वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे बदमाशों की डीएसटी टीम से मुठभेड़

## पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल



निसं

**चूरू/रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू में गैंगस्टर रोहित गोदारा के इशारे पर फायरिंग का मामला सामने आया है जहाँ चूरू के रतनगढ़ में फायरिंग की वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे बदमाशों की चूरू डीएसटी टीम से मुठभेड़ हो गई और पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। वारदात चूरू-तारानगर रोड पर पिंजरापोल गौशाला के पास हुई। आईपीएस निश्चय प्रसाद एम नें बताया कि दोनों आरोपी चूरू के रतनगढ़ में अल सुबह 5 सवा 5 बजे के बीच पार्षद राजेंद्र बबरेवाल के घर के बाहर ताबड़तोड़ कर करीब एक दर्जन फायरिंग की वारदात को अंजाम दे फरार हो गए थे।

एसपी ने बताया वारदात के बाद जिलेभर में नाकाबंदी करवाई गई और इसी दरमियान फायरिंग की वारदात के बाद फरार हो रहे बदमाशों ने पहले चूरू पुलिस की नाकाबंदी तोड़ी और पुलिस कार को टक्कर मारी और फरार होते समय पुलिस पर फायरिंग करने लगे। इसी के जवाब में चूरू पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें गोदारा गैंग के दो शूटर घायल हो गए। जिन्हे डीएसटी की टीम लहू-लूहान हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहाँ पंजाब के जालंधर निवासी अनमोल सिंह और होशियापुर निवासी रोहित का उपचार चल रहा है।

### गोदारा गैंग के इशारे पर वारदात

प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया की आरोपियों नें गैंगस्टर रोहित गोदारा के इशारे पर रंगदारी के लिए फायरिंग की। वहीं पड़ताल में यह भी सामने आया की आरोपी पिछले दो दिनों से चूरू, सालासर और रतनगढ़ के बीच रुके थे लेकिन किसी को इन पर शक नहीं हुआ और वीडियो कॉल पर गैंग नें इन्हें पार्षद राजेंद्र बबेरबाल का घर बताया। वीडियो कॉलिंग के द्वारा की गई पहचान के बाद इन्होंने बबेरवाल के मुख्य दरवाजे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए थे। फायरिंग के बाद आसपास क्षेत्र में दहशत फैल गाई। सूचना के बाद रतनगढ़ पुलिस ने मौका मुआयना कर उच्चाधिकारियों को जानकारी दी, जिसके बाद जिले में की गई नाकाबंदी से दोनों आरोपी पकड़े गए।

# रिश्वत लेते थानाधिकारी गिरफ्तार, कार से 2.87 लाख रुपए बरामद

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की डूंगरपुर टीम ने प्रतापगढ़ जिले में कार्रवाई करते हुए धोलापानी थाने के थानाधिकारी को रिश्वत प्रकरण में डिटेन किया है। एसीबी टीम ने आरोपित पुलिस निरीक्षक की निजी कार से 2 लाख 87 हजार 150 रुपए की रिश्वत राशि बरामद की है। आरोपित रकम के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी डूंगरपुर को शिकायत मिली थी कि परिवादी के भाई के खिलाफधोलापानी थाने में दर्ज बलात्कार के मामले में मदद करने, मारपीट नहीं करने तथा परिवादी के पिता को मामले में नहीं फंसाने की एवज में थाना अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर कार्रवाई की गई। एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक डॉ रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में एसीबी डूंगरपुर इकाई के पुलिस उप अधीक्षक रतनसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीबी के अनुसार थाना अधिकारी प्रवीण कुमार चारण रिश्वत राशि परिवादी के परिचित से लेकर निजी वाहन से यात्रा कर रहा था। इस दौरान निम्बाहेड़ा हाईवे स्थित नरसिंहपुरा टोल नाके पर एसीबी की टीम वाहन को रुकवाकर जांच की गई। तलाशी में वाहन से 2.87 लाख रुपए बरामद हुए। रकम के संबंध में आरोपित पुलिस निरीक्षक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिस पर उसे डिटेन कर लिया गया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी टीम आरोपी के सरकारी क्वार्टर की भी तलाशी ले रही है। ब्यूरो ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# सैलरी बनाने की एवज में रिश्वत लेते स्वास्थ्य निरीक्षक ट्रैप...

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर नगर-द्वितीय इकाई ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक और एक निजी व्यक्ति को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपित दिनेश कुमार स्वास्थ्य निरीक्षक वार्ड नम्बर 99 नगर निगम जयपुर तथा दलाल साथी प्रकाश चन्द को परिवादी से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

एसीबी जयपुर नगर द्वितीय इकाई को शिकायत मिली थी कि स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश कुमार और निजी व्यक्ति प्रकाश चन्द आपसी मिलीभगत कर परिवादी की मार्च 2026 की सैलरी बनाने के बदले प्रतिमाह 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं और लगातार दबाव बना रहे हैं। मामले की शिकायत मिलने पर उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन में शिकायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान आरोपियों द्वारा परिवादी से प्रतिमाह 5 हजार रुपए लेने पर सहमति सामने आई। इसके बाद एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई की। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र तथा पुलिस उप अधीक्षक अभिषेक पारीक की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए वार्ड नम्बर 99 नगर निगम कार्यालय के पास रेलवे स्टेशन क्षेत्र में दोनों आरोपियों को 5 हजार रुपए रिश्वत गिरफ्तार कर लिया।

# साइबर ठगी मामले में एक गिरफ्तार



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** डिजिटल दौर में डिजिटल ठगी के मामले बढ़ते जा रहे है और कुछ ऐसा ही एक मामला सामने आया चूरू में जहाँ चूरू पुलिस भी उस वक्त हैरान रह गई जब बीकानेर निवासी दो भाई चूरू की बादशाह कॉलोनी में किराए का मकान लेकर रह रहे थे और बंद कमरें में काम करते साईबर ठगी का। पुरे मामले का खुलासा तब हुआ जब बढ़ते साईबर फ्रॉड के बीच चूरू पुलिस ने ऑपरेशन म्यूल हंटर अभियान चलाया। साईबर थाना के एएसआई राकेश मीणा ने बताया ऑपरेशन म्यूल हंटर अभियान के तहत पुलिस ने गुप्त रूप से म्यूल अकाउंट की जाँच की और जाँच के दौरान पाया की चूरू की एसबीआई कलेक्ट्रेट ब्रांच में संदिग्ध खाता धारक बीकानेर निवासी शाहरुख खान और सलमान खान दो सगे भाई अपने बैंक खातों को साइबर ठगी के रूप में उपयोग ले रहे है।

### किराए पर रहकर चला रहे थे साईबर ठगी की दुकान

शातिर आरोपी बीकानेर निवासी है लेकिन चूरू में बैंक खाते खुलवाकर शाहरुख खान द्वारा अपने बैंक खाते में साईबर ठगी का अमाउंट मंगवाया गया। शाहरुख के अकाउंट में 8 लाख 96 हजार 185 रुपए तथा सलमान खान द्वारा 8 लाख 16 हजार 97 रुपए अपने बैंक खाते में जमा करवा कर उसे तत्काल वीड्रो किया गया तो पुलिस का शक और गहरा गया। साईबर थाना पुलिस ने बताया की साईबर फ्रॉड के काम में लिए गए बैंक खाता, मोबाइल नंबर का विस्तृत विश्लेषण करने के बाद साईबर थाना पुलिस ने साईबर स्केम में शामिल आरोपी शाहरुख खान को गिरफ्तार कर लिया।

# पेयजल संकट : महिलाओं का हाईवे पर फूटा गुस्सा



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर के वार्ड संख्या 35 और 37 में लगातार गहराते पेयजल संकट से परेशान महिलाओं का गुस्सा हाई-वे पर फूट पड़ा। लंबे समय से पानी की समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज महिलाएं गुरुवार को बलखी गैरेज के पास सड़कों पर उतर आई और विरोध प्रदर्शन करते हुए रास्ता जाम करने का प्रयास किया। महिलाओं ने सड़क और स्टेडियम मार्ग पर पत्थर रखकर प्रशासन और जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कई दिनों से नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे आमजन और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के लिए महिलाओं को दूर-दूर तक भटकना पड़ता है और बार-बार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मामले की सूचना मिलने पर तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे के निर्देश पर जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता दीन मोहम्मद एवं पुलिस डीओ नवाब खान मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने महिलाओं से समझाइश कर मामला शांत कराया तथा जल्द समस्या समाधान का आश्वासन भी दिया। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# राठौड़ ने बेजुबानों के लिए बांधे परिंडे



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ ने पिलोद गांव में बेजुबान पक्षियों के पानी पीने के लिए परिंडे बांधे। गुरुवार को जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़, तहसील अध्यक्ष विष्णु सिंह राठौड़ व मोहन कुमार मिस्त्री ने पेड़ों पर परिंडे बांधकर भीषण गर्मी में बेजुबानों के लिए पानी की व्यवस्था की। मोहन कुमार ने रोजाना परिंडो में पानी डालने का संकल्प लिया।

# ब्राह्मण समाज ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

## छात्र से मारपीट मामले में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** भादरा तहसील के गांव मलसीसर मे युवक के साथ मारपीट के मामले को लेकर ब्राह्मण समाज एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान समाज के लोगों ने एसडीएम सुनील चौहान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ब्राह्मण समाज की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि छात्र रजत शर्मा के साथ बस के कंडक्टर व अन्य लोगों द्वारा बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। समाज के लोगों ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि खुलेआम इस प्रकार की हिंसक घटनाएं समाज में भय का माहौल पैदा कर रही हैं। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रदीप सुरोलिया ने बताया कि घायल छात्र रजत शर्मा मेधावी एवं खेल प्रतिभा से जुड़ा छात्र है। मारपीट में उसके जबड़ेए आंख, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। साथ ही रीढ़ की हड्डी में भी चोट लगने की बात कही गई है, जिससे उसके भविष्य पर असर पड़ने की आशंका जताई गई है। इस दौरान उन्होंने सरकार से घायल छात्र का समुचित उपचार करवाने, आर्थिक सहायता देने तथा परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। समाज के लोगों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं होने पर अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। इस मौके पर समाज अध्यक्ष प्रदीप सुरोलिया, एडवोकेट संजय सुरोलिया, नंदकिशोर चौकड़ीवाला, निखिल शर्मा, डॉ. राघवेंद्र पाल, पवन शर्मा, सुरेश शर्मा, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, एडवोकेट पीयूष सुरोलिया सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

# वीपीएस के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** सीबीएसई बोर्ड बारहवीं कक्षा परीक्षा परिणाम में वीपीएस स्कूल राजोता के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय परिसर में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य अजयसिंह शेखावत ने बताया कि कला वर्ग में छात्र पार्थ गौतम पुत्र दिनेश शर्मा ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वाणिज्य वर्ग में छात्रा अन्नयना खुराना पुत्री डॉ. विकास खुराना ने 96.80 प्रतिशत तथा दिव्यांशी अग्रवाल पुत्री उमेश अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कला वर्ग में दिव्या सिंह ने 92.40 प्रतिशत तथा दिया अग्रवाल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दिपिका शेखावत कला वर्ग में व माहि गर्ग वाणिज्य वर्ग में 91.60 प्रतिशत तथा सोनल ने 90.40 प्रतिशत अंक हासिल किए। विज्ञान वर्ग में अंतरिक्ष सैनी ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा में 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 30 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उत्कृष्ट परिणाम पर संस्था निदेशक अशोकसिंह शेखावत ने विद्यार्थियों को माला व साफा पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. विकास खुराना, डॉ. दीपिका खुराना, उमेश अग्रवाल, महेंद्र सैनी सहित स्कूल स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक एवं संरक्षित खेती आज की आवश्यकता



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर की अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, अरणिया द्वारा ग्राम करड़ में कृषि ग्राम महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफफसलों की उन्नत तकनीकों, बीजोपचार, फसल सुरक्षा, पशुपालन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। डॉ. शंकर कसवां ने खरीफ फसलों के वैज्ञानिक उत्पादन, जल संरक्षण, उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी। शंकर लाल गठाला ने उर्वरकों के संतुलित प्रयोग एवं नैनो उर्वरकों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। रामावतार मिश्रा ने गो आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में बताया तथा बताया कि गाय के गोबर गो मूत्र बेसन गुड जीवाणु युक्त मिट्टी का प्रयोग कर जीवामृत बनाकर काम में ले। सत्यनारायण सेपट ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य संवादात्मक चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए।

# पर्यावरण विषय पर सेमिनार आयोजित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू (नवयत्न)।** मंड्रेला रोड स्थित वर्षा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पर्यावरण एवं जन जागृति संस्थान लुमाश की ओर से पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्षा कॉलेज के निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला ऑर्गेनाइजर प्रदीप ईश्वरवाल, पर्यावरण एवं जन जागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय शर्मा थे। इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला ऑर्गेनाइजर प्रदीप इसरवाल ने पर्यावरण की परिभाषा बताते हुए बताया कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है पीने के शुद्ध पानी, श्वास लेने के लिए शुद्ध हवा और खाने के लिए शुद्ध फल, अन्न आदि दिए है। लेकिन दुर्भाग्य है कि इनके बदले प्रकृति को मनुष्य ने अनमोल चीजों को दूषित कर दिया है। जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है। संतुलन बिगड़ने से समय पर बारिश नहीं हो रही है। समय पर बारिश नहीं होने से जीव जंतुओं और पशुओं का जीना कठिन हो गया है। इसलिए अगर हमें जीना है तो हमे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने ही होगे। पर्यावरण एवं जनजागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि पेड़ है तो जल है। पेड़ है तो जीवन है का नारा देते हुए धरती मां को खत्म होने से बचाना है बताया कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है लेकिन दुर्भाग्य है कि पेड़ लगाने की बजाय अपने स्वार्थ के कारण पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई कर रहे है। अंधाधुंध कटाई होने से पशु पक्षियों का ओर मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ गया। जलवायु परिवर्तन हो गया। बेमौसम बरसात हो रही है। अगर हमे जीना है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होगे ओर उनकी पैरवी करनी होगी। अंत में पर्यावरण प्रेमी समाज सुधारक संजय शर्मा ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिन बच्चों ने सवाल का सही जवाब दिया अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वर्षा कॉलेज के निदेशक डॉ राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पर्यावरण को बचाने हर एक व्यक्ति का पुनीत कर्तव्य है बताया कि अपने जन्म दिन पर जरूर पौधे लगाएं और उनकी पैरवी करे।

बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि में खुद झुंझुनू शहर में जितने भी मंदिर सब जगह पौधे लगाएंगे ओर उनकी पैरवी करूंगा। इस अवसर पर वर्षा कॉलेज के योगेश, रितु, सचिन, अनिल, नरेंद्र, विकाश, रीतिका, नितेश, सचिन, निकिता, आदि बच्चों का योगदान रहा है। कार्यक्रम का संचालन वर्षा कॉलेज के सुमन झाझडिया ने किया।

# रोड लाईट्स दुरूस्त करवाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** वरिष्ठ नागरिक विजयसिंह बोरड़ ने नगरपरिषद आयुक्त को एक ज्ञापन देकर वार्ड नं 27, डागा मार्ग व सागर मार्ग में 15 दिनों से रोड लाईट बन्द होने की जानकारी देकर रोड लाईटों को चालू करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि मेरे द्वारा रोड लाईट ठेकेदार को बार-बार मौखिक शिकायत करने के बावजूद भी उक्त रोड लाईटों को सही नहीं किया जा रहा है।

उक्त क्षेत्र में रोड लाईट बंद होने के कारण रात्रि में लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है तथा हमारे क्षेत्र में कई असामाजिक तत्व रात्रि में घुमते रहते हैं तथा हमारे क्षेत्र में रोड लाईट नहीं होने के कारण चोरियां होने की आशंका रहती है। इसलिए रोड लाईट्स शुरू करवाई जावे।

# हर वर्ग के विकास के लिए संकल्पित डबल इंजन सरकार : सहारण

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार हर वर्ग के विकास के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। गुरुवार को चूरू विधानसभा क्षेत्र के सहनाली बड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक हरलाल सहारण सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने ग्राम रथ का स्वागत किया।

इस दौरान ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों एवं सरकारी सेवाओं की जानकारी दी। विधायक सहारण ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क , कृषि, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लेकर आमजन को राहत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ केवल योजनाओं के प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने का प्रभावी अभियान है।

इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर आमजन को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, कृषि सहायता, उद्यानिकी, पशुपालन से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही आमजन की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान के प्रयास किए। इस दौरान तहसीलदार अशोक गोरा, विकास अधिकारी कैलाश पचारिया, पदमसिंह राठौड़, सुनील ढाका सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार इनोवा ने स्कूल वैन को मारी टक्कर, हादसे में तीन बच्चे घायल

निसं



जयपुर (नवयत्न)। नारायण विहार थाना इलाके के मांग्यावास स्थित स्वर्ण पथ पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार टोयोटा इनोवा ने एक स्कूल वैन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर के कारण पोल करीब एक फीट तक खिसक गया। इस हादसे के समय स्कूल वैन में चालक सहित तीन स्कूली बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि बिजली के पोल से टकराने के बावजूद वैन में करंट नहीं फैलाए अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग सहायता के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को तुरंत धनवंतरी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार स्कूल वैन मानसरोवर स्थित एक निजी स्कूल जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसे में शामिल इनोवा और स्कूल वैन है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अस्पताल की व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए संयुक्त निदेशक

## हीट वेव प्रबंधन, मरीज सुविधाओं एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं की सराहना

निसं



**रींगस (नवयत्न)।** भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए आज चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ. यदुराज सिंह नाथावत द्वारा उप जिला चिकित्सालय रींगस का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में हीट वेव प्रबंधन, मरीज सुविधाएं, पेयजल व्यवस्था, कूलर, साफसफाई, दवा उपलब्धता, ट्रॉमा एवं वार्ड व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। डॉ. यधुराज सिंह नाथावत ने ओपीडी आईपीडी ट्रॉमा एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों एवं परिजनों से व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन द्वारा किए गए हीट वेव प्रबंधन, ओआरएस कॉर्नर, साफसफाई एवं मरीज हित में किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. नाथावत ने कहा कि पीएमओ डॉ. जितेन्द्र सिंह निठारवाल के एमडी मेडिसीन विशेषज्ञ होने के कारण अस्पताल में गंभीर एवं मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग, समय पर पहचान एवं उपचार व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

इसका लाभ मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा के रूप में मिल रहा है। पीएमओ डॉ. जितेन्द्र सिंह निठारवाल ने बताया कि बढ़ती गर्मी एवं मरीज भार को देखते हुए अस्पताल प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार, जांच एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाना अस्पताल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. नाथावत ने अस्पताल स्टाफको इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं समर्पण भाव से कार्य करने के निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने की बात कही।

# पूर्व प्रदेश मंत्री चावला ने ग्रामीण विकास रथ यात्रा का किया स्वागत

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही ग्रामीण विकास रथ यात्रा के ग्राम पंचायत आलसर पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वासुदेव चावला ने कहा कि राज्य सरकार की इस रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि गांव का विकास ही प्रदेश के समग्र विकास का आधार है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की ग्राम पंचायतें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजलदेसर मंडल प्रभारी गिरधारी सिंह, सुरेंद्र सिंह, परसनेऊ मंडल अध्यक्ष छोटू सिंह राजपुरोहित, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर होंगे विशेष जागरूकता अभियान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आगामी 16 मई को जयपुर प्रथम एवं जयपुर द्वितीय जिले में व्यापक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी जाँच करें, सफाई करें और ढकेंश् थीम पर मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत एवं जयपुर द्वितीय के सीएमएचओ डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि डेंगू और अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्वास्थ्यकर्मी एंटीलार्वा गतिविधियां, सर्वे, सैम्पलिंग, एंटी एडल्ट गतिविधियां एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया कि आमजन को मच्छरों की उत्पत्ति और रोकथाम की जानकारी देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में लार्वा प्रदर्शन भी किए जाएंगे। साथ ही बुखार से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उनके सैंपल लिए जाएंगे। लोगों को डेंगू से बचावए साफसफाई बनाए रखने और मच्छरों को पनपने से रोकने के उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. इंद्रा गुप्ता एवं डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि डेंगू का मच्छर साफपानी में पनपता है, इसलिए पानी के बर्तनों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। घरों में किचन और बाथरूम को सूखा रखना जरूरी है तथा सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील की कि बुखार आने पर बिना देरी चिकित्सक से संपर्क कर उचित उपचार लें। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य डेंगू नियंत्रण में जनभागीदारी बढ़ाते हुए लोगों को समय रहते सतर्क और जागरूक बनाना है, ताकि मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम गौ सेवा परिवार समिति के तत्वावधान में गुरुवार को मुहाना मंडी रोड पर वर्ष 2008 के जयपुर बम धमाकों में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा और मानवता का संदेश देते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत गलता के पूर्व पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज एवं राघवेंद्राचार्य के सानिध्य में हुई। इस दौरान 13 मई 2008 के बम धमाकों में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। अवधेशाचार्य महाराज ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में सुमन ब्लड बैंक के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में सर्व समाज के लोगों के साथ पुलिसकर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुहाना थाना, पत्रकार कॉलोनी थाना सहित कई पुलिस जवानों ने रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टेलर एवं रामचंद चौधरी ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित यह पहला रक्तदान शिविर था, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के लिए सुमन ब्लड बैंक को सौंपा गया। रक्तदाताओं और अतिथियों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष नरेंद्र टेलर का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर रमेशचंद मेवाड़ा, हनुमान सहाय, सुरेंद्र बैरवा, अरविंद टेलर, सुनील कुमावत, संजय कुमार मीणा, किशोर लाल, अरुण शर्मा, विष्णु शर्मा सहित समिति के अनेक कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया में ब्रजेश पाठक को बड़ी जिम्मेदारी

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफइंडिया ने संगठन विस्तार के तहत राजधानी जयपुर के युवा समाजसेवी ब्रजेश पाठक को नेशनल चेयरमैन सोशल इंडिया नियुक्त किया है। यह नियुक्ति फाउंडेशन के नैशनल चीफसुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं नैशनल सुप्रीमो पवन शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा और पवन शर्मा ने ब्रजेश पाठक को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें पद की गरिमा बनाए रखते हुए भ्रष्टाचार उन्मूलन और जनजागरूकता के क्षेत्र में कार्य करने की शपथ दिलाई। पाठक ने सत्यनिष्ठा शपथ फॉर्म भरकर ईमानदारी और सच्चाई के साथ समाज सेवा करने का संकल्प लिया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि वे फाउंडेशन के उद्देश्यों को जन.जन तक पहुंचाने, भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। साथ ही प्रदेश स्तर पर संगठन का विस्तार भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है और इसकी टीम विभिन्न राज्यों में कार्यरत है। इस मौके पर पवन शर्मा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में भाषण, स्लोगन, ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा हस्ताक्षर अभियान और सत्यनिष्ठा शपथ कार्यक्रमों के जरिए लोगों को ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश दिया जा रहा है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर हर जिले में बनेगी वकील सुरक्षा समिति

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं उनके हितों की रक्षा के लिए विशेष कमेटियों के गठन के निर्देश जारी किए हैं। यह कमेटी संबंधित जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में कार्य करेगी। सरकारी आदेश के अनुसार समिति में जिला न्यायाधीश के अलावा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक को स्थायी सदस्य बनाया गया है। इस निर्णय को अधिवक्ताओं की सुरक्षा और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह आदेश भारत यादव बनाम राजस्थान सरकार मामले में पारित न्यायालयीन निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया है। वर्ष 2019 में दिए गए आदेश की पालना अब न्यायमूर्ति गणेश राम मीणा द्वारा मामले को गंभीरता से लेने के बाद सुनिश्चित हो सकी। इस मामले में राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के पूर्व उपाध्यक्ष भारत यादव एडवोकेट और पंकज यादव एडवोकेट ने पैरवी कीए जबकि राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश चौधरी ने पक्ष रखा। राज्य सरकार द्वारा 14 मई को जारी इस आदेश के बाद अधिवक्ताओं में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

# वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर होगी मल्टीसिटी वॉक

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे के अवसर पर 17 मई को दुनियाभर के विभिन्न शहरों में कैंसर जागरूकता के लिए मल्टीसिटी वॉक आयोजित की जाएगी। जयपुर में यह वॉक जलेब चौक से निकाली जाएगी, जबकि 19 मई को होटल हॉलिडे इन में प्रिवेंटिव जीआई ऑन्कोलॉजी विषय पर विशेषज्ञों की पैनल डिस्कशन आयोजित होगी। आयोजन एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट द्वारा फोर्टिस हॉस्पिटल और आईआईईएमआर के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति युवा संस्थान के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के संस्थापक एवं वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे के फाउंडर डॉ. संदीप जैन, फोर्टिस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष अग्रवाल, जोवा इटालिय फार्मा कंपनी के डायरेक्टर मुकेश गुप्ता, जयपुर रनर्स क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा, एडवोकेट कमलेश शर्मा, प्रो. एस.एस. शर्मा और आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। डॉ. संदीप जैन ने कहा कि कैंसर से लड़ाई केवल इलाज से नहीं बल्कि जागरूकता से भी जीती जा सकती है। समय पर पहचान और सही उपचार से असंख्य लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि एब्डोमिनल कैंसर में पेट के भीतर होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे गैस्ट्रिक, लिवर, पैंक्रियाटिक, कोलन, गॉल ब्लैडर और किडनी कैंसर शामिल हैं। 19 मई को आयोजित पैनल डिस्कशन में देश के अग्रणी विशेषज्ञ प्रिवेंटिव जीआई ऑन्कोलॉजी और कैंसर की शुरुआती पहचान पर मंथन करेंगे। इसमें एआई एंडोस्कोपी, कोलोरेक्टल कैंसर की स्क्रीनिंग, गॉल ब्लैडर कैंसर की रोकथाम और अल्कोहल से संबंधित लिवर सिरोसिस जैसे विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. शर्मा, डॉ. संदीप जैन, डॉ. आर.के. जेनॉ, डॉ. सुधीर महाऋषि, प्रो. वी.ए. सारस्वत सहित कई विशेषज्ञ भाग लेंगे। फोर्टिस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नियमित जांच, शुरुआती पहचान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

वहीं मुकेश मिश्रा ने बताया कि मल्टीसिटी वॉक के जरिए लोगों को स्वस्थ रहने और कैंसर के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया जाएगा।

# रक्षा प्लस ऐप लॉन्च : आपदा व दुर्घटनाओं में देगा रियल टाइम अलर्ट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** देशभर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और आपदा जनित चुनौतियों के बीच गुरुवार को रक्षा प्लस नामक उन्नत रियल टाइम इमरजेंसी रिस्पॉन्स एंड कोऑर्डिनेशन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामप्रसाद भाईसाहब ने इसका शुभारंभ किया। इस दौरान प्लेटफॉर्म के डेवलपर डॉ. संजय खंडेलवाल और दुष्यंत यादव ने इसके फीचर्स और उपयोगिता की जानकारी दी। कार्यक्रम में रामप्रसाद जी भाईसाहब ने कहा कि वर्तमान समय में सुरक्षा के लिए इस प्रकार के तकनीकी प्लेटफॉर्म की आवश्यकता बढ़ गई है। समाज को सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रहने की जरूरत है तथा तकनीक के साथ कदमताल करते हुए जनसुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। डेवलपर्स ने बताया कि हाल ही में भारत सरकार द्वारा देशभर में गवर्नमेंट इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम का सफल परीक्षण किया गया था, जिसमें लाखों मोबाइल फोन पर आपातकालीन संदेश भेजे गए। इसी दिशा में श्रक्षा प्लसष् को केवल अलर्ट सिस्टम नहीं, बल्कि एक्शन आधारित इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। ऐप में इंटीग्रेटेड अलर्ट सिस्टम दिया गया है, जिसके तहत किसी भी आपात स्थिति में एक बटन दबाते ही संबंधित लोगों तक तुरंत सूचना पहुंच जाएगी। इससे त्वरित कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और जनहानि व धनहानि को कम किया जा सकेगा। रक्षा प्लस ऐप के माध्यम से छोटे समूहों से लेकर लाखों लोगों तक पलभर में अलर्ट, फोटो और वीडियो भेजे जा सकते हैं, जिससे आपदा प्रबंधन और आपातकालीन समन्वय को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

# गौशाला में चारा घर भंडारण निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** श्री राजलदेसर गौशाला परिसर में गत दिनों आए भीषण तूफान से क्षतिग्रस्त हुए चारा घर भंडारण के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया। गौवंश के लिए सुरक्षित चारा व्यवस्था को पुनः सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह निर्माण कार्य गौ भक्तों एवं दानदाताओं के सहयोग से करवाया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम मुख्य यजमान गणेश रेवाड़िया एवं डॉ. हीरालाल सोनी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित बृजेश दाधीच द्वारा पूजा-अर्चना एवं विधिवत अनुष्ठान करवाया गया। गौशाला मंत्री ललित दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 40 लाख रुपए की लागत से 80म100 फीट का विशाल टीन शेड, करीब 22 फीट ऊंचाई, फर्श एवं चारदीवारी सहित निर्माण प्रस्तावित है। प्रथम चरण में 25म80 फीट का टीन शेड बनाया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत करीब 10 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि जो भी गौ भक्त एवं दानदाता न्यूनतम 11 हजार रुपए का सहयोग करेंगे, उनका नाम शिलालेख पर अंकित किया जाएगा। इस अवसर पर मंगतमल पांडिया, वीरेंद्र लाटा, भुवनेश्वर शर्मा, रतनलाल बारूपाल, अजीत सुथार शिवभगवान सोनी, परमेश्वर फोगला, हड़मान सोनी, गणेश सोनी, राजेश सोनी, राधेश्याम पाण्डे, मुरली मारू, कालूराम आदि उपस्थित रहे। गौशाला समिति ने सभी गौ भक्तों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए गौसेवा के इस पुनीत कार्य में निरंतर सहयोग की अपील की।

# ग्रीष्म अवकाश यथावत रखने की मांग को लेकर एकजुट हुए शिक्षक



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** उपखंड के शिक्षकों ने एकजुट होकर ग्रीष्म अवकाश में की गई कटौती को हटाते हुए यथावत रखने की मांग की है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के बैनर तले शिक्षकों ने एसडीएम मीनू वर्मा को ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को शिक्षकों को होने वाली परेशानियों से अवगत करवाया है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश की सरकार और अधिकारियों की हठ धर्मिता के कारण सरकार के दो वर्षों से अधिक कार्यकाल में शिक्षकों के ज्वलंत मुद्दों का कोई समाधान नहीं होने से शिक्षक वर्ग में आक्रोश व्याप्त है। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जोधा ने बताया कि शिक्षकों को मिलने वाले ग्रीष्म अवकाश को यथावत रखा जाए उसमें किसी प्रकार की कटौती है असहनीय है।

उन्होंने तृतीय वेतन श्रंखला सहित सभी शेष संवर्गों के स्थानांतरण किए जाने, थर्ड ग्रेड शिक्षकों की विगत वर्षों से लंबित पदोन्नतियों को बहाल करने, आरजीएचएस को सुचारू रूप से जारी रखने, प्रबोधक एवं शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के साथ संविदा पर लगे शिक्षकों को नियमित करने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई। इस मौके पर मंत्री प्रवीण कुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, संभाग महिला मंत्री मंजू चौहान, प्रधानाचार्य गौतम टेलर, प्रधानाचार्य रमेश सिंह राठौड़, प्रवीण गोठवाल, हर्षवर्धन नांदू, दिनेश कुमार सैनी, मुकेश लखारा, पुष्पा सोनी, प्रकाश स्वामी, रघुवीर शर्मा, तुलसीराम रेगर, बीरबल रेगर, यशवंती शर्मा, प्रेमाराम चायल, प्रेमाराम मुंड, मांगीलाल रायका आदि मौजूद रहे।

# स्वर्णकार हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अवार्ड से सम्मानित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अवार्ड 2026 अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब चूरू जिला ग्रामीण शाखा द्वारा सुजानगढ़ के श्याम सुंदर स्वर्णकार को दिया गया। जिलाध्यक्ष शशि कला, राम अवतार मंत्री द्वारा स्वर्गीय मृणाल राठी स्मृति राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा रत्न अवार्ड 2026 व जन जागृति भूषण अवार्ड दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता, घायलों के त्वरित सहायता एवं सुरक्षित यात्रा संस्कृति के निर्माण में निस्वार्थ अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक योगदान सर्व समाज के लिए करने पर श्याम स्वर्णकार को यह पुरस्कार दिया गया है।

# सेमीकंडक्टर मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज एमटेक कार्यक्रम शुरू

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एमएनआईटी जयपुर के पदार्थ अनुसंधान केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से श्सेमीकंडक्टर मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज विषय में नए एम.टेक कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। यह बहुविषयक पाठ्यक्रम देश और वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर उद्योग की मांग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। संस्थान के अनुसार कार्यक्रम में मैटेरियल्स साइंस, डिवाइस फिजिक्स, माइक्रोफैब्रिकेशन, थिन-फिल्म तकनीक और उन्नत कैरेक्टराइजेशन जैसे विषयों को शामिल किया गया है। विद्यार्थियों को मजबूत सैद्धांतिक ज्ञान के साथ अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग के उभरते क्षेत्रों में दक्षता हासिल कर सकें। एमएनआईटी ने बताया कि पाठ्यक्रम के अंतर्गत उद्योगों के साथ सहयोग और इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित कर सकें। संबंधित विषयों में बीई, बीटेक या एमएससी डिग्री तथा वैध गेट स्कोर रखने वाले अभ्यर्थी सीसीएमटी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। संस्थान के अनुसार इस कार्यक्रम के स्नातकों के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण, डिवाइस डिजाइन, अनुसंधान एवं विकास, प्रोसेस इंजीनियरिंग तथा शिक्षण और अकादमिक क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

# आखिर बने बच्चों के आधार कार्ड, मिली सरकारी अस्पताल से टीबी की दवाई



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव बड़ाबर में दो बच्चों के टीबी से पीड़ित होने व उनको दस्तावेजों के अभाव में दवाई नहीं मिलने के मामले में मीडिया में खबरें आने के बाद बच्चों को बड़ी राहत मिली है। मामले में समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल मायल ने बताया कि बच्चों के आधार कार्ड प्रोसेस कर दिए गए हैं, जो दो तीन दिन में अप्रूव होकर बन जायेंगे। इसी प्रकार दोनों बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बन गए हैं। साथ ही दोनों बच्चों के माता-पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रोसेस कर दिए गए हैं। समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल ने बताया कि जल्दी ही बच्चों को पालनहार योजना से जोड़ने का काम भी पूर्ण कर दिया जायेगा ताकि सरकारी योजनाओं का बच्चों को सीधा फायदा मिल सके। दूसरी ओर बच्चों के बैंक खाता खुलवाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। जिससे हो सकता है कि टीबी के इलाज के दौरान मिलने वाली सरकारी सहायता राशि बच्चों तक पहुंचने में देरी हो। क्योंकि बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी सभी का देहांत हो चुका है इसलिए संरक्षणकर्ता का प्रमाण पत्र न्यायालय से मिलने पर ही खाता खुलना संभव लगता है। इसलिए बच्चों का बैंक खाता खुलने में देरी हो सकती है।

वहीं भाजपा नेता हंसराज नायक ने बताया कि सरकारी अस्पताल में जांच करवाकर बच्चों को दवाई दिलवाई गई है। एक्स रे आदि हुए हैं। चूरू से चिकित्सक डॉ वेदप्रकाश भी अस्पताल पहुंचे और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दूसरी ओर बच्चों को बगड़िया अस्पताल से दवाई मुहैया करवाई गई है। कुछ लोगों और ग्रामीण जनों द्वारा भी परिवार की मदद की गई है।

# कांग्रेस के नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों का हुआ स्वागत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने कांग्रेस के नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों का अपने निज निवास पर साफा पहनाकर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। विधायक बुड़ानिया ने कहा वार्ड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी की मजबूत एवं अहम कड़ी है मोहल्ले की हर समस्या, हर जरूरतमंद की आवाज पहुंचाना आपकी जिम्मेदारी है। बुड़ानिया ने सभी अध्यक्षों से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। विधायक बुड़ानिया ने एक-एक करके सभी नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों को राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाया और मिठाई खिलाकर नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। साफा सम्मान पाकर अध्यक्षों के चेहरे खिल उठे, सभी ने विधायक बुड़ानिया का आभार जताया और संगठन के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का वादा किया। अध्यक्षों ने कहा विधायक द्वारा दिया गया यह सम्मान हमारा हौसला बढ़ाने वाला है अब दोगुनी ऊर्जा के साथ वार्ड में काम करेंगे। वार्ड स्तर पर नई टीम बनने से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस मौके पर हरिसिंह बेनीवाल, मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, पं. गोपाल शास्त्री, बाबूलाल सैनी, बूंदे खां, प्रकाश खेरवा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष योगेश वर्माए हर्ष शर्मा, सुल्तान जांगिड़, आसिफ इकबाल, दर्श स्वामी, मोहित भाटी, विकास पंवार, संजय सैन, गजानंद जांगिड़, चोरुलाल, दूनीराम, किशन सैनी, इरशाद खान, जुबेर गौरी, धर्मेंद्र सैनी, अब्दुल सतार, लियाकत अली, राकेश कुमार, सेडुराम, सुनील सैनी, आरिफतेली, बसीर खाँ, हामिद खान, भगवान दासए, पूर्णाराम, मुनीर खान, मांगीलाल, चंद्रभान, गुलाब नबी, राशिद आदि का साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

# शर्मा का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर प्रमोशन होने पर किया सम्मान

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के सीकर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मीणा ने सीईओ ग्रामीण सुरेश शर्मा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर फूल माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। वीरेंद्र मीणा ने बताया कि सीओ ग्रामीण पद पर सुरेश शर्मा का कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था एवं जनसंपर्क के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। उन्होंने बताया कि सुरेश शर्मा का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर प्रमोशन होकर उनको गंगानगर पदस्थापन किया गया है। उनको पदोन्नति मिलने पर पुलिस विभाग व उनके परिचितों में खुशी का माहौल है।

## सम्पादकीय

# फिजूलखर्ची की संस्कृति



यह अच्छा है कि प्रधानमंत्री ने अपनी कारों के काफिले में कटौती कर इसका उदाहरण पेश किया कि वे जो कुछ औरों को करने के लिए कह रहे हैं, उस पर स्वयं अमल कर रहे हैं। उनकी ओर से अपनी कारों के काफिले को छोटा किए जाने के बाद कुछ केंद्रीय मंत्रियों ने भी ऐसा ही किया है। आशा है कि भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं मंत्री भी इसका अनुसरण करेंगे, लेकिन ऐसा ही गैर-भाजपा शासित राज्यों में भी दिखना चाहिए।

इसी के साथ ही सांसदों, विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ नौकरशाहों को भी ऐसा ही करना चाहिए। किफायत का परिचय देना किसी सरकार या दल विशेष का विषय नहीं। यह एक राष्ट्रीय आवश्यकता है और केवल वर्तमान की ही नहीं।

चूंकि हम एक विकासशील देश हैं, इसलिए मितव्ययिता का परिचय तो सदैव ही दिया जाना चाहिए और सबसे अधिक नेताओं और नौकरशाहों की ओर से दिया जाना चाहिए, क्योंकि उनके बीच किफायत की जगह फिजूलखर्ची की संस्कृति ने जड़ें जमा ली हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि जो जितने लंबे काफिले से चलता है, वह उतना ही धमक-हनक वाला माना जाता है। दिखावे वाली इस मानसिकता से मुक्ति पाने की सख्त जरूरत है। आज यदि ऊर्जा संकट के चलते मंत्रीगण दो-तीन कारों के साथ चलने को उपयुक्त समझने लगे हैं, तो इसके पहले वे इसकी जरूरत क्यों नहीं समझ रहे थे? आखिर ऐसा तो है नहीं कि ऊर्जा संकट के पहले पेट्रोलियम पदार्थों का उत्पादन देश में ही हो रहा था या फिर उनका आयात बहुत सस्ता था। सरकारी तंत्र को तो इससे कहीं अच्छे से अवगत होना चाहिए कि विदेशी मुद्रा की सबसे अधिक खपत पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में ही होती है। सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों की खपत में कमी लाने के साथ विदेशी मुद्रा बचाने वाले अन्य दीर्घकालिक उपायों पर भी ध्यान देना होगा। विदेशी मुद्रा की एक बड़ी खपत पर्यटन के लिए विदेश यात्राओं के चलते होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि देश में वैसे पर्यटन स्थल और पर्यटकों के अनुकूल माहौल विकसित नहीं हो पाया है, जैसा मालदीव, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे देशों ने विकसित कर लिया है। यह तब है, जब भारत पर्यटन स्थलों की दृष्टि से कहीं अधिक समृद्ध है। इसके बाद भी स्थिति यह है कि अब लोग शादियां, पार्टियां आदि करने के लिए भी विदेश जाने लगे हैं। विदेशी मुद्रा की एक बड़ी खपत विदेश पढ़ने वाले जाने वाले छात्रों के कारण भी होती है। हमारे छात्र बड़ी संख्या में विदेश पढ़ने इसलिए जाते हैं, क्योंकि देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के केंद्र विकसित नहीं हो पा रहे हैं।

## विशेष आलेख

# हिमालय की हिमनद झीलों में बढ़ता खतरा, वैज्ञानिकों ने दी तबाही की चेतावनी



जलवायु परिवर्तन का असर पिछले कुछ वर्षों में उच्च हिमालयी क्षेत्रों पर साफ दिखाई देने लगा है। जिन हिमनद झीलों के आसपास मनुष्यों की आवाजाही सीमित है, वहां भी अब जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का मिजाज खतरे की घंटी बजाने लगा है। कुछ हिमनद झीलों का आकार तेजी से सिकुड़ रहा है, तो कुछ का आकार आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ रहा है। ऐसी 130 झीलें चिह्नित की गई हैं, जो क्षमता से अधिक आकार में बढ़ने की स्थिति में विस्फोटक रूप ले सकती हैं। अगर ऐसा होता है, तो निचले क्षेत्रों की बस्तियों में तबाही मच सकती है। हिमनद झीलों के अनियंत्रित ढंग से बढ़ते आकार की सच्चाई इसरो के उपग्रहों से ली गई तस्वीरों के अध्ययन से सामने आई है। इससे वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ गई है।

हिंदुकुश क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन पर काम कर रहे वैज्ञानिकों ने इससे संबंधित रिपोर्ट को गंभीरता से लेने की जरूरत बताई है। वर्ष 1984 से 2023 तक किए गए उपग्रह अध्ययन में कुल 2,431 बड़ी झीलें चिह्नित की गई हैं। इनका आकार दस हेक्टेयर से अधिक है। इनमें से 676 झीलों का आकार 27 फीसद से अधिक बढ़ गया है। इनमें से 130 झीलें सबसे अधिक संवेदनशील हैं। हिमाचल प्रदेश की गेफांग घाट झील का आकार सर्वाधिक बढ़ा है। इसका कुल क्षेत्रफल 101.3 हेक्टेयर हो गया है। हिमालयी क्षेत्र में दस लाख लोग हिमनद झीलों के दस किलोमीटर के दायरे में रहते हैं।

पिछले साल पांच अगस्त 2025 को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव के खीर क्षेत्र में बादल फटने से बाढ़ और मलबे में यह पूरा क्षेत्र डूब गया था। तेज बारिश ने गंगोत्री क्षेत्र में आने वाली हिमनद झीलों को नाले में बदल दिया था। इस क्षेत्र में विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, हिमालय में छोटी-बड़ी सभी तरह की झीलों की संख्या आठ हजार से भी अधिक है। 1990 के बाद से यहां करीब एक हजार हिमनद अस्तित्व में आ गए हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण बड़ी मात्रा में बर्फ गिरती है, तो हिमनद झीलों का आकार तो बढ़ता ही है, इनके फटने का खतरा भी बढ़ जाता है। पोट्सडैम जलवायु प्रभाव शोध संस्थान के एक वैज्ञानिक ने धरती के बढ़ते तापमान की वजह से भारत में बारिश पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। उनके मुताबिक, जितनी बार धरती का पारा वैश्विक ताप के कारण एक डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़ेगा, उतनी ही बार भारत में मानसूनी बारिश पांच फीसद अधिक होगी। मानसूनी बारिश का वास्तविक अंदाजा लगाना भी कठिन हो जाएगा।

अनुमान है कि इस सदी के अंत तक साल-दर-साल तापमान बढ़ेगा। नतीजतन भारत में बारिश तबाही मचाएगी। ज्यादा बाढ़ आने से लाखों एकड़ में फैली फसलें खराब होंगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2020 में किए गए एक अध्ययन से भी साफ हुआ था कि जलवायु परिवर्तन और पानी का अटूट संबंध है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशिया में वर्ष 2030 तक बाढ़ की घटनाएं बढ़ेंगी। साफ है, वैश्विक तापमान के बढ़ते खतरे ने आम आदमी के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। दुनिया में कहीं भी अचानक बारिश, बाढ़, बर्फबारी, बादल फटने या फिर सूखे के कहर का सामना करना पड़ सकता है। आंधी, तूफान और फिर अचानक ही ज्वालामुखियों के फटने की हैरतअंगेज घटनाएं भी यही संकेत दे रही हैं कि खतरे आसपास ही कहीं मंडरा रहे हैं। समुद्र और अंटार्कटिका जैसे बर्फीले क्षेत्र भी इस बदलाव के संकट से दो-चार हो रहे हैं। दरअसल, वायुमंडल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों में भी अवशोषित होकर गहरे समुद्र में बैठ जाती है। यह वर्षों तक जमा रहती है। पिछली दो शताब्दियों में 525 अरब टन कचरा महासागरों में चला गया है। इसके अलावा मानवजनित गतिविधियों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड का पचास फीसद भाग भी समुद्र की गहराइयों में समा गया है। इस अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड के जमा होने के कारण अंटार्कटिका के चारों ओर फैले दक्षिण महासागर में इस कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने की क्षमता निरंतर कम हो रही है। यह स्थिति खतरनाक है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण के मुताबिक, वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिण महासागर कार्बन डाइऑक्साइड से लबालब हो गया है। नतीजतन अब समुद्र इसे अवशोषित करने के बजाय वायुमंडल में ही उगलने लगा है।

हिमालय पर कई वर्षों से अध्ययन कर रहे 'वाडिया भू-विज्ञान संस्थान' की रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र के हिमखंडों में काले कार्बन की मात्रा लगातार बढ़ रही है। यह मात्रा सामान्य से ढाई गुना बढ़कर 1899 नैनोग्राम हो गई है। दरअसल, काले कार्बन से तापमान में वृद्धि होती है। यह सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करने में अत्यंत प्रभावी है। इससे हिमालय और आर्कटिक जैसे हिमखंडों में बर्फ पिघलने लगती है। यदि किसी साल बरसात में औसत से कम बारिश होती है, तो बर्फ पिघलने की मात्रा और अधिक बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण से भी हिमखंड दूषित कार्बन की चपेट में आए हैं। पिछले 37 वर्षों में हिमाच्छादित क्षेत्रफल में 26 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। इस क्षेत्र में पहले स्थायी 'स्नोलाइन' 5700 मीटर थी, जो अब 5200 मीटर के बीच घट-बढ़ रही है। तापमान बढ़ने का सिलसिला बना रहा और यदि बर्फ इसी तरह पिघलती रही, तो जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के संकट में आने का सिलसिला भी बना रहेगा।

बढ़ते तापमान से हिमखंडों के पिघलने की जो शुरुआत होगी, उसका खतरनाक मंजर बांग्लादेश में देखने को मिल सकता है। यहां तबाही इसलिए जबरदस्त होगी, क्योंकि यह देश तीन नदियों के डेल्टा पर आबाद है। यहां के ज्यादातर भूखंड समुद्र तल से महज 20 फीट की ऊंचाई पर स्थित हैं। इसलिए बर्फ की शिलाओं के पिघलने से समुद्र का जलस्तर ऊपर उठेगा, तो सबसे ज्यादा जलमग्न भूमि इसी देश की होगी। यहां आबादी का घनत्व सबसे ज्यादा है, इसलिए मानव त्रासदी भी इस देश को ही सबसे ज्यादा झेलनी पड़ सकती है। बांग्लादेश अपनी यह चिंता अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार जता चुका है। एक आशंका यह भी है कि यदि वैश्विक तापमान थोड़ा भी बढ़ता है और हिमखंड पिघलते रहते हैं, तो वर्ष 2050 तक बांग्लादेश में धान की पैदावार दस फीसद और गेहूं की 30 फीसद घट सकती है।

बढ़ते तापमान को लेकर एक नई आशंका यह भी जताई जा रही है कि इससे दुनिया में कीटों और जीवाणुओं की संख्या अत्यधिक मात्रा में बढ़ेगी। कीटों पर हालांकि अभी तक व्यापक स्तर पर शोध नहीं हुए हैं, पर जितने भी हुए हैं, उस आधार पर धरती पर सबसे अधिक आबादी इन्हीं की है।

जिस तेजी से वैश्विक ताप बढ़ रहा है, उसमें निश्चित रूप से कीटों की संख्या और तेजी से बढ़ेगी। वैज्ञानिकों का दावा है कि यदि वैश्विक ताप बढ़ता है, तो उसी अनुपात में इनकी संख्या में बढ़ोतरी तय है। क्योंकि गर्म वातावरण इनके पनपने में अनुकूल रहता है। इसलिए यदि तापमान बढ़ने का सिलसिला निरंतर बना रहता है, तो यह हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र को तो खंडित करेगा ही, मानव समुदायों के लिए भी अत्यंत हानिकारक साबित होगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# अदरक वाला दूध पीने से हो सकते है यह नुकसान

अदरक वाला दूध पीने के कई फायदे होते हैं, लेकिन कई बार कुछ चीजों के फायदे के साथ ही लोगों को उसके नुकसान भी झेलना पड़ जाते हैं। वैसे तो अदरक में कई औषधिय गुण होते हैं। सर्दी जुकाम और खांसी में अदरक का इस्तेमाल वर्षों से किया जाता रहा है। लेकिन किसी भी चीज की अधिकता आपको नुकसान पहुंचा सकती है।



### अदरक और दूध के नुकसान

अदरक और दूध से आपको कई तरह की समस्या हो सकती है। इसके अधिक सेवन से आपको निम्न तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### पेट खराब होने की समस्या

अदरक वाला दूध ज्यादा पीने से आपका पेट खराब हो सकता है। इसकी अधिकता पाचन तंत्र को खराब कर देती है। जिसकी वजह से आपको दस्त की समस्या हो सकती है।

### सीने में जलन होना

अदरक वाला दूध पीने से आपको सीने में जलन की समस्या हो सकती है। इसके साथ ही पेट फूलने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। अगर आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए अदरक वाले दूध का सेवन सीमित मात्रा से अधिक करते हैं तो ये आपकी परेशानी का मुख्य कारण बन सकता है।

### ब्लड प्रेशर अनियंत्रित होना

अदरक में ऐसे कई तत्व पाए जाते हैं जो खून को पतला बनाते हैं। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर अनियंत्रित हो सकता है। इससे आप बीपी लो होने की समस्या का भी सामना कर सकते हैं। जिसकी वजह से आपको चक्कर आना, बेहोशी व थकान महसूस हो सकती है।

### गर्भावस्था में होने वाली समस्या

जानकारों के अनुसार गर्भावस्था के समय अदरक वाले दूध का सेवन करते समय आपको सावधानी बरतनी चाहिए। क्योंकि इस समय में किसी भी तरह की लापरवाही आपके बच्चे के जन्म में समस्या पैदा कर सकती है। इसलिए सुझाव दिया जाता है कि प्रेगनेंसी में अदरक वाले दूध का सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

# तलने के बजाय उबालकर खाएं मूंगफली सेहत को मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

मूंगफली खाना लगभग सबको पसंद होता है। सर्दियों के मौसम में मूंगफली खाने का मजा ही अलग है। आपने भुनी या तली हुई मूंगफली तो जरूर खाई होगी। लेकिन, क्या आपने कभी मूंगफली को उबालकर खाया है? उबली हुई मूंगफली न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। इमसें प्रोटीन, नैचुरल शुगर, आयरन, फोलेट, कैल्शियम और जिंक जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। अमेरिकन केमिकल सोसायटी के रिसर्च के मुताबिक, मूंगफली को उबालकर खाने से इसमें मौजूद पोषक तत्वों के फायदे 4 गुना और बढ़ जाते हैं। उबली हुई मूंगफली को आप स्नैक्स के तौर पर खा सकते हैं या सुबह के नाश्ते में इसका सेवन कर सकते हैं। मूंगफली को उबालकर खाने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं।



**वेट लॉस में मददगार :** मूंगफली को उबालकर खाने से वजन कम करने में मदद मिलती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो उबली हुई मूंगफली खा सकते हैं। दरअसल, उबली हुई मूंगफली में फाइबर काफी मात्रा में मौजूद होता है। इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी कम होती है। इसके साथ ही उबली हुई मूंगफली खाने से आंतों की सफाई होती है।

**जोड़ों में दर्द से राहत :** उबली हुई मूंगफली को गुड़ के साथ खाने से जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है। मूंगफली और गुड़ में कैल्शियम होता है, जिससे हड्डियां मजबूत बनती है। मूंगफली को उबालकर खाने से जोड़ों और हड्डियों में दर्द की शिकायत दूर होती है। अर्थराइटिस के मरीजों के लिए उबली मूंगफली का सेवन काफी फायदेमंद होता है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाए :** उबली हुई मूंगफली का सेवन हमारी आंखों के लिए भी फायदेमंद होता है। मूंगफली को उबालकर खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। दरअसल, मूंगफली में विटामिन ए और विटामिन बी6 होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। सर्दियों में सुबह उबली हुई मूंगफली खाएं, इससे आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी।

**दिल को स्वस्थ रखे :** उबली मूंगफली का सेवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। मूंगफली को उबालने से उसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ जाती है। उबली मूंगफली में पॉलीफेनॉलिक एंटीऑक्सिडेंट और रेस्वेराट्रॉल होता है, जो दिल को स्वस्थ रखने में मददगार है। मूंगफली को उबालकर खाने से शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड ज्यादा बनने लगता है, जिससे हार्ट अटैक और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

**शरीर में खून की कमी नहीं होती :** उबली हुई मूंगफली खाने से एनीमिया की शिकायत दूर होती है। दरअसल, मूंगफली में आयरन काफी मात्रा में होता, जो शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाता है। मूंगफली को उबालकर खाने से शरीर में खून की कमी नहीं होती है। इसके साथ ही, मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को ऊर्जा मिलती है।

# खुजली से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं यह घरेलू उपाय

खुजली कई बार व्यक्ति को काफी परेशान कर देती हैं। एक बार खुजली होनी शुरू हो जाएं, तो आसानी से बंद नहीं होती हैं। कई बार खुजली की परेशानी होने पर लोग शर्मिंदगी की वजह से कई बार खुजली भी नहीं कर पाते हैं। कई बार ज्यादा खुजली होने के कारण रैशेज की समस्या से हो सकती हैं। ऐसे में खुजली की समस्या को दूर करने के लिए कई लोग दवाइयों का सेवन शुरू कर देते हैं।

**एप्पल साइडर विनेगर :** एप्पल साइडर विनेगर शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल करने के लिए एक कप गुनगुने पानी में एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर को मिलाएं। अब रूई की सहायता से इस मिश्रण को प्रभावित एरिया पर लगाएं। उसके 5 मिनट बाद उस एरिया को नॉर्मल पानी से वॉश करें।

**नारियल का तेल :** नारियल का तेल शरीर के लिए बहुत हेल्दी होता है। इसे शरीर पर लगाने से स्किन को



पोषण मिलने के साथ से स्किन चमकदार भी बनती है। खुजली होने पर नारियल का तेल इस्तेमाल करने के लिए नारियल के तेल को हल्का सा गर्म कर लें। अब इस तेल को खुजली वाली जगह पर इसे लगा लें। ऐसा करने से खुजली में आराम मिलेगा।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल स्किन संबंधी परेशानियों को दूर करके स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता हैं। एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने के लिए खुजली वाली जगह पर एलोवेरा जेल को लगाएं। आधे घंटे बाद जगह को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ऐसा करने से स्किन को पोषण मिलने के साथ इंफेक्शन दूर करने में मदद मिलेगी।

**नीम :** नीम शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसमें पाए जाने वाला एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण खुजली दूर करने के साथ रैशेज की समस्या को भी दूर करेंगे। नीम का इस्तेमाल करने के लिए इसकी पत्तियों को पीस कर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को खुजली वाली जगह पर 5 से 10 मिनट तक लगा के रखें। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें।

**नींबू :** नींबू स्किन की खुजली को दूर करने में मदद करता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल गुण स्किन संबंधई परेशानियों को दूर करता हैं। खुजली को दूर करने के लिए नींबू के रस का इस्तेमाल करने के लिए एक नींबू के रस को कटोरी में निकाल लें।

## आज का राशिफल

### मेष

एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृष

प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

### मिथुन

फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा।

### कर्क

अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

### सिंह

कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी।

### कन्या

घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

### तुला

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

### वृश्चिक

वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### धनु

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें।

### मकर

कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ

नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी।

### मीन

विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में कैम्ब्रिज एजुकेशन सिटी का दबदबा

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में अव्वल रहे विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भव्य चौधरी पुत्र लेखराम चौधरी 94.40, कृष्ण स्वामी पुत्री विनोद कुमार 92.60, येंगखोम न्यूबोर्न पुत्र येंगखोम गितचन्द्रासिंह 92.40, भूमिका चौधरी पुत्री विजय चौधरी 92.20, आरती जाट पुत्री हारूराम जाट 91.80, सोनिया पुत्री मनोज कुमार 90.80, प्रेम कुमार पुत्र द्वारका प्रसाद पारीक 90.60, नित्यप्रिया पुत्री भरत कुमार पारीक 90.40, तपस्या मीणा पुत्री महावीर सिंह मीणा 90, आर्यन स्वामी पुत्र परसराम स्वामी 90, अर्पिता पारीक पुत्री कन्हैयालाल 90 प्रतिशत सहित 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की सेक्रेटरी डॉक्टर सरोज चौधरी द्वारा साफा पहनाकर, माला पहनाकर, तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर खुशियों के इस माहौल में पूरा विद्यालय कैम्ब्रिज जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। संस्था की अनूठी परंपरा को निभाते हुए न केवल विद्यार्थियों को बल्कि उनके माता-पिता को भी मंच पर पूरा मान-आदर और स्नेह दिया गया। अभिभावकों के लिए यह भावुक क्षण था, जब उनकी तपस्या को विद्यालय प्रबंधन ने सार्वजनिक रूप से सराहा। कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल की मैनेजर दीक्षा चौधरी ने 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय में अव्वल रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहता है। इस शानदार परिणाम से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और विश्वास से ही विद्यार्थी निरंतर सफलता हासिल कर रहे हैं।

साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार मेहनत कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल परिवार के दिलीप चौधरी ने 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार परीक्षा परिणाम देकर स्कूल, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए अनुशासन, नियमित पढ़ाई और सकारात्मक सोच बहुत जरूरी होती है तथा विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत की भी सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग से ही विद्यार्थी निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। दिलीप चौधरी ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी विद्यार्थी इसी प्रकार मेहनत करते हुए शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में सफलता हासिल कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कैंब्रिज एजुकेशन सिटी के अध्यक्ष तेजपालसिंह चौधरी, विद्यालय की डायरेक्टर सुनीता चौधरी, एडवोकेट कुंतक चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी अभिभावक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थी डीजे की धुन पर देशभक्ति गानों पर जमकर थिरकते हुए नजर आए।

## शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सहल परिवार ने भेंट किया कूलर



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लिनिक में सामाजिक सरोकार की प्रेरणादायी पहल करते हुए सहल परिवार द्वारा कमल दाधीच की प्रेरणा से चिकित्सालय को उच्च गुणवत्ता का बड़ा कूलर भेंट किया गया। भीषण गर्मी के बीच लगाया गया यह कूलर मरीजों एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए राहत प्रदान करेगा। इस अवसर पर चिकित्सालय स्टाफद्वारा कमल दाधीच का माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही भविष्य में चिकित्सालय के लिए एक फ्रिज भेंट करने की घोषणा भी की गई, जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की। कार्यक्रम में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लिनिक प्रभारी डॉ. सुभाष सैनी, नर्सिंग ऑफिसर मनीषा शर्मा, प्रवीण कुमार सारस्वत, नर्सिंग कर्मचारी टीना, सहायक मनीष सोनी, सफाईकर्मी रोहित कुमार, शंकर लाल खड़ोलिया, जयचंद महावर, रतनलाल बारूपाल, कालूराम तंवर, श्रवण बारूपाल, पार्षद मिर्जा राम मेघवाल, विनय दाधीच उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने सहल परिवार एवं कमल दाधीच की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

## जैन विश्व भारती में तुलसी ऑडिटोरियम का भव्य लोकार्पण सम्पन्न



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती परिसर मे तुलसी ऑडिटोरियम का भव्य लोकार्पण युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर लोकार्पणकर्ता दिलीप सुराणा, चैयरमेन, माइक्रो लैब्स लिमिटेड, जैन विश्व भारती के पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह अत्याधुनिक ऑडिटोरियम विशेष रूप से सांघिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, सांस्कृतिक आयोजनों एवं प्रेरणादायी सभाओं को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया है। लगभग 200 व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाला यह सभागार भविष्य में विभिन्न सामाजिकए शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित होगा। यह भव्य सभागार माइक्रो लैब्स लिमिटेड बैगलौर के सौजन्य से निर्मित किया गया है। सभागार के निर्माण में दिलीप, आनंद सुराणा की विशेष प्रेरणा रही। इस अवसर पर जैन विश्व भारती के अध्यक्ष अमरचंद लुंकड़, मुख्य न्यासी जयन्तीलाल सुराणा, मंत्री सलिल लोढा, संरक्षक भागचंद बरड़िया, संस्थान कुलपति प्रो. बच्छराज दुगड़, न्यासी मूलचंद नाहर परिसर संयोजक धरमचंद लुंकड़ आदि ने सुराणा परिवार का अभिनंदन किया।

## विश्व शांति के लिए अर्पित की आहुतियां

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चेतना केन्द्र दुर्गापुरा की ओर से प्रताप नगर के सेक्टर 8 स्थित अंबेडकर पार्क में गुरुवार को पंच कुंडीय गायत्री महयज्ञ का आयोजन किया गया। राजकुमार विजयवर्गीय, विजय कुमार विजयवर्गीय ने प्रारंभ में देव पूजन किया। आचार्य पीठ से सुशील कुमार शर्मा और राजेश कुमार शर्मा ने प्रज्ञा गीतों के साथ हवन करवाया। सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में विश्व शांति के लिए आहुतियां अर्पित की। सीताराम पुजारी, विजय कुमार शर्मा, अशोक प्रजापत, वैद्य सत्येंद्र शर्मा, राजकुमारी शर्मा, रविमोहन शर्मा ने यज्ञ कार्य में सहयोग किया। इस मौके पर साहित्य स्टाल भी लगाई गई। जीवनोपयोगी साहित्य आधी कीमत पर उपलब्ध कराया गया।

## तेज हवाओं के साथ मामूली बारिश

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** दिनभर तेज गर्मी के बाद शाम को उमड़-घुमड़कर आये बादलों ने मामूली बारिश की। लेकिन तेज हवाओं के कारण मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दूसरी ओर तेज हवाओं के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। लेकिन शाम होते-होते मौसम सुहावना हो गया।

## 11 दिनों से धरना लगातार जारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरूवार को लगातार 11 वें दिन भी जारी रहा। गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू, स्वतंत्रता सेनानी पं गिरीशचन्द्र मिश्र की मूर्तियां लगाये जाने की मांग को लेकर ये धरना दिया जा रहा है। धरने पर अजय ढ़ेनवाल, बिलाल, शशिकान्त तेजस्वी, सदाम, विवेक, मनीष, तरूण सियोता, पवन लाखन, विनोद सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।



## हैदराबाद पधारने पर सीएम भजनलाल का किया स्वागत

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का हैदराबाद नगर पहुंचने पर झुंझुनूं निवासी व हाल आबाद हैदराबाद अशोक कुमार सेन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ग्लोबल प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए समितियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उद्योगपतियों को राजस्थान में प्रमुख उद्योग स्थापित करने का निमंत्रण दिया।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के पंचायत समिति सभागार में सीबीईओ बबलेश शर्मा की अध्यक्षता व एसडीएम राजेंद्र कुमार के मुख्यातिथ्य में ब्लॉक स्तरीय सुरभि प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एसडीएम राजेंद्र कुमार ने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से अध्ययन करने तथा अपने करियर के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और शिक्षा विभाग के सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा का स्तर और अधिक सुदृढ़ हो सकता है आरपी रामनिवास धेतरवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा, एसीबीईओ प्रथम संजय शर्मा, एसीबीईओ द्वितीय भागचंद, पवन धीरवासिया, अशोक पुरोहित, लीलाधर मित्तल सहित बच्चे व अभिभावकगण मौजूद रहे।

## मारवाड़ी सम्मेलन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद तिवाड़ी से की मुलाकात

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, राजस्थान आईएमएफ के अध्यक्ष एवं राजस्थान फाउंडेशन पश्चिम बंगाल के प्रवासी कॉर्डिनेटर डॉ. अरुण अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक में सामाजिक, व्यापारिक और औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन भारत शाखा के अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने की। उन्होंने व्यापारिक समुदाय को सशक्त बनाने और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस



अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, राजस्थान के मुख्य संरक्षक बाल किशन बालसरिया, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन से आशीष तिवाड़ी और विमल केडिया भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद घनश्याम तिवाड़ी को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान बंगाल और राजस्थान में व्यापार, उद्योग, निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने पर सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी उठाई। इस संबंध में सांसद से आग्रह किया गया कि राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

## ग्रीष्म कालीन अवकाश कटौती के विरोध में रैली एवं ज्ञापन

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) उपशाखा सुजानगढ़ द्वारा गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, जिला कलेक्टर चूरू के नाम शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा नारों रैली के माध्यम से आक्रोश व्यक्त करते हुए रैली निकालकर ज्ञापन दिया गया। महासंघ ने प्रदेश के समस्त शिक्षकों की व्यथा को प्रकट करते हुए एवं शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और माँगों को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर शिक्षा व शिक्षकों से जुड़ी मांगों का समाधान करने की मांग की गई। ज्ञापन में ग्रीष्मावकाश पूर्ववत 17 मई से 30 जून तक किए जाने, संस्था प्रधान द्वारा घोषित साधिकार अवकाश में की एक दिन की कटौती वापस ली जाए, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की लम्बे समय से लम्बित पदौन्नति प्रक्रिया की समस्त विसंगतियों का समाधान करते हुए अविलम्ब पूर्ण किए जाने, शारीरिक शिक्षकों का स्थाईकरण की प्रक्रिया को तुरन्त पूर्ण किए जाने, शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी अध्यापकों (7वर्षो से लम्बित) सहित समस्त संवर्गो के स्थानान्तरण यथाशीघ्र किये जाने, आरजीएचएस राजस्थान स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत अस्पतालों में कैशलेस इलाज की बाधाओं को दूर कर दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने, राज्य के सभी विद्यालयों में रिक्त पदों को तत्काल भरे जाने, शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षकों को समस्त गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त किया जाकर केवल शिक्षण कार्य करवाये जाने की मांगे की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश



विभाग संगठन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड़, उपशाखा अध्यक्ष कमल जाखड़, मंत्री मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य, रामावतार शर्मा, आशा राठौड़, पप्पूराम मीणा, धर्मसिंह मीणा, कमलेश कुमार सिंघल, भागीरथ गर्ग, मोनिका झूरिया, माया चौधरी, कमलेश चौधरी, मोहिनी, सुमन वर्मा, सावित्री गुर्जर, बलदेव सिंह, हरिप्रसाद टेलर, शिवभगवान रोहिला, अशोक कुमार, अभीषक चौधरी, गोवर्धन लाल जान्दू, हरिकेश वर्मा, नरेश कुमार रेगर, रंजन अत्रि, सुखाराम डुकिया, भागीरथ गोदारा, गौतम सिंह तंवर, मोतीलाल, मुबारिक खाँ, नानूराम मेघवाल, नरेश कुमार, बसन्त चौधरी, पुरूषोतम कुमार, अनिल कुमार लाम्बा, अजय सैनिक, रामलाल कासौटिया, अब्दुल सत्तार पड़िहार, धनराज सिंगोदिया, जीवणदान, पुखराज शर्मा, जितेश चौधरी, प्रकाश वर्मा, लक्ष्मीनारायण, रमेश कुमार, हंसराज, मोहन जाखड़, झुमरराम, मेहताब सिंह, कमलेश मीणा, इरफान काजी, इमरान भाटी, राजकुमार शर्मा, अशोक रांकावत, मुकेश कुमार, सन्तोष कुमार स्वामी, हरजीराम, नरेन्द्र कुमार, जयप्रकाश शर्मा, रामनिवास बाकोलिया सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## जन सुनवाई में लोगों ने दिया धरना, रास्ता खुलवाने की थी मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पंचायत समिति स्थित वीसी रूम में उपखंड स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन किया गया। एडीएम संतोष कुमार के सानिध्य में आयोजित जन सुनवाई में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने लोगों के परिवाद सुने और समस्याओं के समाधान किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। जन सुनवाई में जाट हॉस्टल के सामने की गली में जलभराव की समस्या का समाधान करने की मांग दिलीप चौधरी के नेतृत्व में की गई। वहीं रास्ता खुलवाये जाने की मांग को लेकर कुछ लोग जन सुनवाई में धरने पर बैठ गए। कोडासर बिदावतान से छोटूराम आदि कुछ ग्रामीण आये हुए थे, उन्होंने एसडीएम ओम प्रकाश वर्मा से कहा कि पिछले महीने 9 अप्रैल की इसी जन सुनवाई में हमने आपको परिवाद दिये थे। खेत व घर आने जाने का निर्बाध रास्ता नहीं मिलने के कारण हम बहुत ही परेशान हैं, तो एसडीएम ने कहा कि नये रास्ते के लिए मेरे कोर्ट में वाद दायर करो, पुराना रास्ता तहसीलदार खुलवायेंगे और वो छुट्टी पर हैं तो आप बाद में आना। परिवादी छोटू राम ने कहा कि हमारा रास्ता उड़ा दिया गया सेटेलाइट वालों द्वारा। हमारे पास पावर नहीं है, इसलिए रास्ता नहीं मिल रहा है, तो एसडीएम बोले नहीं, पावर तो सबके पास समान ही है तो छोटू लाल ने गाँव की जमीनी हकीकत बताई। भगवानाराम ने कहा कि सारा रास्ता मेरे खेत से काट दिया, मेरा खेत 3 बीघा कम हो गया। रास्ता नियम अनुसार कटे और मेरी घाटा पूर्ति तो हो। परिवादी




तहसीलदार की कार्यवाही व एसडीएम के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और छोटूराम, करणी सिंह, भगवानाराम, विजयपाल श्योराण, बजरंग सिंह आदि जन सुनवाई स्थल पर ही धरने पर बैठ गए और कहा कि हमारे परिवादों का कुछ तो समाधान करो। इसके बाद एसडीएम ओम प्रकाश वर्मा ने पटवारी से बात की।

फिर समझाईश की कि आपका मामला कलेक्टर साब की टेबल पर है। तहसीलदार आ जाएं तो आप उनसे मिल लेना। आपके परिवादों के समाधान के लिए मैं गंभीर हूँ। विजयपाल श्योराण ने बताया कि अवैध शराब ठेके बन्द करने, पंचायत समिति के अंदर रखे कचरा पात्रों की नियमित सफाई हेतु पाबन्द करने, आगे बरसात के समय भारी जल भराव से बचाव करने सभी गेनाणी व तलाई नीचे तल तक साफ, खाली करने व जनसुनवाई में ना आने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की। दूसरी ओर अरविंद सामरिया ने जल समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपे।

इस दौरान अरविंद सामरिया ने कहा कि 15 दिनों से पानी की सप्लाई हो रही है। क्योंकि जलदाय विभाग के पास पानी की स्टोरेज ही नहीं है। इस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि आपको पता है क्या नहर बंदी चल रही है और पानी दस दिनों से आ रहा है। जिस पर अरविंद ने कहा कि जब जलदाय विभाग के पास 10 दिनों का स्टोरेज पानी रखने की व्यवस्था नहीं है, तो आम जनता के पास कैसे होगा। जिस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि इसके लिए तो आपको विधायक बनना पड़ेगा। ताकि आप बड़े-बड़े स्टोरेज के लिए बजट स्वीकृत करवा सको। क्योंकि ये तो सरकार के स्तर का काम है, मेरे स्तर का काम ही मैं कर सकता है। इस पर अरविंद ने जवाब से असंतुष्टि जाहिर की। जिस पर एसडीएम ने फिर कहा कि आपको विधायक बनना पड़ेगा। इसी प्रकार जलाशयों की सफाई को लेकर भी समस्या से अवगत करवाया गया।

बडाबर गांव से आये परिवार ने अपनी जमीन को कुछ लोगों के चंगुल से मुक्त करवाये जाने की मांग की है। इसी प्रकार जन सुनवाई में अनेक प्रकरण आये, जिनके समाधान के लिए सम्बंधितों को कहा गया। जन सुनवाई के दौरान डीटीओ बजरंगलाल, इंस्पेक्टर राजेश स्वामी, समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल, जिला उद्योग अधिकारी फिरोज भाटी, बिजली एक्सईएन अनिल बरबड़, नगरपरिषद से एटीपी उदयसिंह सहित अनेक विभागों से अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गर्मियों में वजन कम करने के लिए पिएं यह लस्सी, फैट बर्न में मिलेगी मदद

गर्मियों में लस्सी पीना अधिकतर लोगों को काफी पसंद होता है। ये स्वादिष्ट होने के साथ शरीर में पानी की कमी को भी पूरी करती है। दही से बनी होने के कारण ये पाचन तंत्र को मजबूत करती है। कई लोग लस्सी पीना इसलिए अवॉयड करते है क्योंकि मीठी लस्सी पीने से वजन तेजी से बढ़ता है। आज हम आपको इस आर्टिकल में ऐसी लस्सी के बारे में बताएंगे, जो वजन घटाने के साथ शरीर को स्वस्थ भी रखेगी। गर्मियों में दिन के समय लस्सी को पीया जा सकता है। लस्सी पीने से लू से भी बचाव होता है और शरीर हेल्दी रहता है। लस्सी पेट को लंबे समय तक भरा रखती है।



### मैंगो लस्सी

मैंगो लस्सी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। ये पीने में स्वादिष्ट होने के साथ शरीर को ठंडा भी रखती है। मैंगो लस्सी बनाने के लिए 1 कप दही, 2 से 3 पीस आम, 1 गिलास ठंडा पानी और स्वाद के लिए 2 से 3 पुदीने के पत्तों को लेकर मिक्सर में ब्लेंड कर लें। आपकी मैंगो लस्सी तैयार है। ये लस्सी वजन को घटाने के साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाती है।

### गुलाब की लस्सी

गुलाब की लस्सी शरीर के लिए बहुत हेल्दी होती है। गर्मियों में इसे पीने से शरीर की कई बीमारियां ठीक होती है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है। ये लस्सी स्वादिष्ट होने के साथ इम्यूनिटी को भी मजबूत करती है। इसको पीने से गैस, अपच और एसिडिटी की समस्या भी आसानी से दूर होती है। इसको बनाने के लिए 1 कप दही और 1 गिलास पानी को लेकर मिक्सर में चला लें। उसके बाद इस पर गुलाब की पंखुडियां रखकर कुछ देर के लिए फ्रिज में रखें। ठंडा होने पर पिएं।

### केले और अखरोट की लस्सी

केले और अखरोट की लस्सी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसको पीने से शरीर की कमजोरी दूर होने के साथ पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। इस लस्सी को बनाने के लिए 1 कप दही, 1 गिलास पानी, 1 केला और 2-4 अखरोट और शहद को लेकर मिक्सर में चला लें। आपकी केले और अखरोट की लस्सी तैयार है। इसको पीने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। जिस कारण वजन कम करने में मदद मिलेगी।

### पुदीना की लस्सी

पुदीना की लस्सी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। गर्मी में इसको पीने से शरीर ठंडा रहने के साथ वजन कम करने में मदद मिलती है। इस लस्सी में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। इसको बनाने के लिए 1 कप दही, 1 कप पानी, सूखे पुदीना के पत्ते और 1 चम्मच भुना जीरा पाउडर डालकर मिक्सर में चलाएं। ठंडी-ठंडी इस लस्सी को सर्व करें।

# रात को आम खाने से सेहत को मिल सकते हैं कई फायदे

गर्मियां आते ही बाजार में आम मिलना शुरु हो जाते हैं। आम को स्वाद की वजह से फलों का राजा कहा जाता है। भारत में आम कई किस्म के पाए जाते हैं। आम की हर किस्म का स्वाद बेहद अलग और स्वादिष्ट होता है। आम सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए, बी, सी, कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीनियम पाया जाता है। इससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और आपको मौसम की वजह से होने वाले संक्रमण की संभावना कम हो जाती है। आम को सुबह व शाम के साथ ही रात में खाने के बाद भी खाया जा सकता है।



**अच्छी नींद के लिए आवश्यक :** आम में अमीनो एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो सेरोटोनिन यानी फील-गुड हार्मोन का लेवल बढ़ाने में सहायक होता है। रात में आम खाने से शरीर में सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ातरी होने में मदद मिलती है। जिसकी वजह से आपको रात के समय अच्छी नींद आती है। इसके साथ ही आम में पाये जाने वाले मैग्नीशियम आपकी मांसपेशियों को आराम पहुंचाने का काम करता है।

**कोलेस्ट्रॉल को करें कंट्रोल :** आम में उच्च स्तर के फाइबर पाए जाते हैं, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। रात में आम खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक का जोखिम हो सकता है। हार्ट हेल्थ के लिए आप रात के समय सीमित मात्रा में आम का सेवन कर सकते हैं।

**पाचन क्रिया को करे बेहतर :** आम फाइबर अधिक मात्रा में होता है। फाइबर पाचन तंत्र को बेहतर करने के लिए आवश्यकत होता है। रात को आम खाने से पाचन क्रिया बेहतर होती है और आपको कब्ज की समस्या से निजात मिलती है। आम के सेवन से आपका पेट भरा रहता है और आपको रात के समय भूख नहीं लगती है।

**इम्यून सिस्टम को करें मजबूत :** आम विटामिन सी सहित आवश्यक विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। इसके सेवन से आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। जिसकी वजह से आप बार-बार बीमार नहीं पड़ते हैं।

# सेंसिटिव स्किन के लिए बेस्ट हैं यह होममेड फेस स्क्रब, आप भी जरूर करें ट्राई

सेंसिटिव स्किन वाले लोगों को अपनी त्वचा की देखभाल के लिए बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसे लोगों की स्किन आमतौर पर बाहरी केमिकल से अधिक प्रभावित होती है और उन्हें अपनी स्किन के लिए सही चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। सेंसिटिव स्किन वाले लोगों को कुछ चीजों का इस्तेमाल करने से परेशानी हो सकती है, स्किन केयर रूटीन में ऐसी चीजों को शामिल करने से आपको पिंपल्स, मुंहासे, दाग-धब्बे और एलर्जी आदि की समस्या हो सकती है। सेंसिटिव स्किन वाले लोग अक्सर अपने स्किन केयर प्रोडक्ट्स को लेकर कंफ्यूज रहते हैं।



### सेंसिटिव स्किन के लिए होममेड फेस स्क्रब

सेंसिटिव स्किन के लिए बेस्ट होममेड फेस स्क्रब तैयार करना बहुत ही आसान होता है। इसके लिए आप अपने घर में मौजूद सामान से फेस स्क्रब बना सकते हैं जो आपकी सेंसिटिव स्किन के लिए सही होता है। सेंसिटिव स्किन के लिए बनाया गया होममेड फेस स्क्रब आपकी त्वचा को साफ और हेल्दी रखने में मदद करता है।

### नींबू, शहद और चीनी

आप घर में आसानी से नींबू, चीनी और शहद से फेस स्क्रब तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच नींबू का रस लें, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच बारीक चीनी के साथ इसे मिक्स कर लें। इन चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। स्क्रब करने के बाद चेहरे को पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे पर गुलाबजल लगाएं। ऐसा करने से आपकी स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनेगी।

### बादाम और शहद का फेस स्क्रब

बादाम और शहद से बने फेस स्क्रब का इस्तेमाल सेंसिटिव स्किन वाले लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे बनाने के लिए आप बादाम को पानी में भिगो दें। दो से तीन घंटे तक पानी में रहने के बाद इसे निकाल लें और इसका चूरा बना लें। अब इस चूरे में 2 से 3 चम्मच शहद मिला लें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस फेस स्क्रब को चेहरे पर अच्छे से लगाएं। इसके बाद चेहरे को साफ कर लें।

### सोयाबीन फेस स्क्रब

सोयाबीन की बड़ियों से बने फेस स्क्रब का इस्तेमाल भी सेंसिटिव स्किन वाले लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे तैयार करने के लिए सोयाबीन की बड़ियों को अच्छी तरह से पीस लें। इसके बाद इसमें नारियल तेल मिलाकर कुछ देर के लिए रख दें। 15 मिनट बाद इसे मिक्स करके चेहरे पर स्क्रब करें। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन बेदाग और हेल्दी होती है।

### कच्चे दूध और चावल का फेस स्क्रब

कच्चे दूध और चावल से बने फेस स्क्रब का इस्तेमाल भी सेंसिटिव स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपकी स्किन पर मौजूद दाग-धब्बे और मुहांसों को दूर करने में फायदा मिलता है। आप नियमित रूप से इसका इस्तेमाल कर कई गंभीर समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। इस स्क्रब को बनाने के लिए 4 चम्मच दूध 1/2 चम्मच चावल के आटा को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण से चेहरे पर हल्के हाथ से मसाज करें। 5 मिनट के बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें।

# उंगलियों में दिखने वाले यह लक्षण हो सकते हैं हाई कोलेस्ट्रॉल के संकेत

अनहेल्दी फूड्स का सेवन और निष्क्रिय जीवनशैली की वजह से हाई कोलेस्ट्रॉल की परेशानी होती है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से आपको कई गंभीर परेशानियों का खतरा रहता है।

इसकी वजह से आपकी धमनियों में ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने के कारण आपको हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट फेलियर की समस्या भी हो सकती है। हाई कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आपको कई लक्षण दिखाई देते हैं, इन लक्षणों को सही समय पर पहचानकर खानपान और जीवनशैली से जुड़े सुधार करने से आपको फायदा मिलता है।

**उंगलियों में दिखते हैं हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण :** स्मोकिंग, शराब का सेवन, बहुत ज्यादा तली-भुनी चीजों का सेवन और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या का खतरा बढ़ जाता है। खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण आपको कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। कोलेस्ट्रॉल को समय रहते कंट्रोल न करने पर मरीज की जान भी जा सकती है। हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या में अर्ली स्टेज पर लक्षणों की पहचान होने से मरीज को ज्यादा नुकसान नहीं होते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण शुरुआती स्टेज में सामान्य रहते हैं, लेकिन जैसे-जैसे यह बढ़ता है लक्षण भी गंभीर होने लगते हैं।

**उंगलियों में झुनझुनाहट :** हाई कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आपकी उंगलियों में झुनझुनाहट की समस्या हो सकती है। इसकी वजह से आपको उंगलियों की नसों में पिन चुभने जैसा महसूस हो सकता है। नसों में ब्लॉकेज के कारण ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और इसकी वजह से आपको ये परेशानियां होती हैं।

**हाथ पैर की उंगलियों में दर्द :** शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल इकट्ठा होने पर आपके हाथ और पैर की उंगलियों में दर्द की समस्या हो सकती है।

दरअसल धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण आपको इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर आपको लगातार उंगलियों में दर्द की समस्या है, तो यह हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण हो सकती है।


**उंगलियों में दबाव पड़ने पर दर्द :** काम करते समय या उंगलियों पर किसी तरह का दबाव पड़ने दर्द होना भी हाई कोलेस्ट्रॉल का लक्षण हो सकता है। इस स्थिति को नजरअंदाज करने से बचना चाहिए।

**उंगलियों में पीलापन :** हाथ की उंगलियों में पीलापन भी हाई कोलेस्ट्रॉल का संकेत माना जाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण आपको Xanthelasma हो सकता है और इसकी वजह से आपकी स्किन का रंग पीला होने लगता है।



# स्किन केयर में पॉपुलर हो रहे हैं कई एसिड, अपनी स्किन के लिए सही एसिड का चुनाव करें

**इन दिनों स्किन केयर में कई तरह के एसिड्स पॉपुलर हो रहे हैं। आपने भी इंटरनेट या टीवी एड्स में इनके नाम सुने होंगे, जैसे- हाइलूरोनिक एसिड, कोजिक एसिड, ग्लाइकोलिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड आदि। स्किन को ब्राइट बनाने के लिए इन स्किन केयर एसिड्स का प्रयोग फायदेमंद है लेकिन अभी एसिड को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। कई लोगों का मानना है कि इन एसिड के प्रयोग से स्किन खराब हो सकती है और ये स्किन के लिए सही नहीं हैं। लेकिन आजकल डर्मेटोलॉजिस्ट भी हाइपरपिग्मेंटेशन को दूर करने या स्किन को चमकदार बनाने के लिए इन एसिड्स का काफी उपयोग कर रहे हैं।**



### स्किन केयर एसिड के प्रकार

स्किन केयर एसिड मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं- अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड और बीटा हाइड्रॉक्सी एसिड। दोनों ही एसिड एक्सफोलिएटर के रूप में कार्य करते हैं। ये स्किन को गहराई से साफ करते हैं और स्किन को हेल्दी बना सकते हैं। ज्यादातर सकिन प्रोडक्ट में ग्लाइकोलिक और सैलिसिलिक एसिड होते हैं, जो स्किन को ब्राइट बनाने का काम करते हैं।

### ग्लाइकोलिक एसिड

ग्लाइकोलिक एसिड स्किन की देखभाल करने वाला सबसे आम अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड है। ये आमतौर पर गन्ने से प्राप्त होता है। ये स्किन को एक्सफोलिएट करके फाइन लाइंस, झुर्रियों और काले धब्बों को कम करने में मदद करता है। ये बढ़ती उम्र के लोगों के लिए अधिक फायदेमंद होता है।

### सैलिसिलिक एसिड

सैलिसिलिक एसिड एक बीटा हाइड्रॉक्सी एसिड है। इसमें कॉमेडोलिटिक (ब्लैकहेड्स हटाने) गुण होते हैं, जो पोर्स की गहराई तक सफाई करता है। साथ ही ये स्किन के डेड सेल्स को हटाने का काम भी बखूबी करता है। इसलिए इसका इस्तेमाल मुहांसे और ब्लैकहेड्स के इलाज में बहुत प्रभावी होता है। ऑयली और एक्ने स्किन के लिए ये सूटेबल हो सकता है।

### एजेलिक एसिड

एजेलिक एसिड एक सेचुरेटेड डाइकारबॉक्सिलिक एसिड है, जो स्वाभाविक रूप से आपकी स्किन में होता है। ये गेंहू, राई और जौ में भी पाया जाता है और स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। ये पिगमेंटिड स्किन के लिए उपयुक्त हो सकता है।

### मैंडेलिक एसिड

मैंडेलिक एसिड एक अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड है, जो मुहांसों, मेलाज्मा, झुर्रियों और हाइपरपिग्मेंटेशन के इलाज में काम आता है। इसके प्रयोग से स्किन की इलास्टिसिटी बढ़ती है। ये स्किन में प्रवेश करने में समय लेता है लेकिन सेंसिटिव स्किन के लिए वरदार है। ये स्किन के सीबम के उत्पादन को बढ़ाकर इसे मॉइस्चराइज रखता है।

### लैक्टिक एसिड

लैक्टिक एसिड भी एक अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड है और लाइट एक्सफोलिएटर है। ये एसिड आमतौर पर दूध में पाया जाता है। इसलिए प्राचीन समय में लोग मिल्की बाथ लेना पसंद करते थे। स्किन पर इसका प्रयोग करने से स्किन चिकनी और चमकदार बन सकती है। ये ड्राई स्किन के लिए ठीक है, साथ ही फाइन लाइंस और झुर्रियों को रोकता है।

# घर पर अपने बच्चों को अकेले छोड़ने से पहले जरूर सिखाएं ये बातें, रहेंगे सुरक्षित

आज के समय में ज्यादातर कामकाजी पेरेंट्स की सबसे बड़ी परेशानी ये होती है कि कामकाज के समय घर से बाहर जाते समय बच्चे को अकेला कैसे छोड़ें। कभी-कभी माता-पिता दोनों के सामने ये स्थिति आ जाती है जिसकी वजह से उन्हें बच्चों को न चाहते हुए भी घर में अकेले छोड़कर जाना पड़ता है।

ऐसे में बच्चों की घर पर सेफ्टी सबसे बड़ी चिंता होती है। अगर आप भी कामकाजी पेरेंट्स हैं और कामकाज के चलते आपको बच्चों को घर पर अकेले छोड़कर जाना पड़ता है तो उन्हें कुछ जरूरी बातों के बारे में बताना चाहिए। आप कुछ सेफ्टी टिप्स और जरूरी बातें सिखाकर बच्चों को सुरक्षित तरीके से घर पर छोड़कर जा सकते हैं। शहरों में रहने वाले ज्यादातर पेरेंट्स अक्सर इस परेशानी से गुजरते हैं और इसकी वजह से कामकाज में भी उनका दिमाग घर पर बच्चे की सेफ्टी को लेकर लगा रहता है। बच्चों को घर पर सुरक्षित तरीके से अकेले छोड़ने के लिए आपको अपने बच्चे को कुछ बातें जरूर सिखानी चाहिए। बच्चों की परवरिश के दौरान कई ऐसे मौके आते हैं जब पेरेंट्स को किसी जरूरी काम के चलते घर से बाहर जाना पड़ता है और ऐसे में बच्चों को घर पर अकेले छोड़ना पड़ता है। बच्चों को घर पर अकेले छोड़ते समय पेरेंट्स की चिंता उनकी सेफ्टी को लेकर हमेशा बनी रहती है।



**इमरजेंसी नंबर देकर जाएं :** अगर आपका बच्चा खुद से फोन इस्तेमाल कर सकता है तो उसे घर में अकेले छोड़ने से पहले उसे कुछ इमरजेंसी नंबर जरूर देना चाहिए। ऐसे नंबर पर वे किसी भी मुश्किल में पड़ने पर या जरूरत पड़ने पर संपर्क कर सकते हैं। इमरजेंसी नंबर इसलिए भी जरूरी है कि आपका फोन न लगने की स्थिति में वह इस नंबर पर कॉल कर आपकी स्थिति के बारे में जान सकते हैं।

**घर में बच्चे के लिए खाने का सामान जरूर रखकर जाएं :** घर में बच्चे को अकेला छोड़कर जाते समय आपको इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि घर में बच्चे के लिए खाने का सामान जरूर हो। ऐसे में उसे भूख लगने पर किन चीजों का सेवन करना चाहिए इसके बारे में भी बच्चे को जानकारी देनी चाहिए। ऐसा करने से बच्चे को भूख लगने पर वह खुद से घर में मौजूद खाने-पीने की चीजों का इस्तेमाल कर सकता है।

**अनजान व्यक्ति से बात न करें :** बच्चों को घर पर अकेला छोड़कर जाने से पहले उन्हें इस बारे में जरूर समझाना चाहिए कि घर पर अकेले रहते समय वे अनजान व्यक्ति से किसी भी तरह की कोई बातचीत न करें। अनजान व्यक्ति से मेल-मिलाप बच्चे के लिए परेशानी कड़ी कर सकता है। बच्चों को ये सिखाएं कि अगर कोई घर पर आता है तो सबसे पहले वे आपसे संपर्क करें।

**बाहर न निकलने की हिदायत :** बच्चों को घर पर अकेला छोड़कर जाते समय आपको इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि वे ऐसे में अकेले घर से बाहर न निकलें। इसके लिए आप बच्चे को इस बारे में जरूर समझाएं कि अकेले रहते समय वे घर से बाहर न निकलें।

### बिजली के बोर्ड में टेप लगाएं

घर में इलेक्ट्रिसिटी के बोर्ड जो खुले हुए होते हैं उनमें टेप जरूर लगाना चाहिए। ऐसा करने से बच्चे उसके संपर्क में नहीं आएंगे और उन्हें किसी भी तरह के नुकसान का खतरा नहीं होगा।

### रसोई में गैस के सरे स्विच जरूर ऑफ करें

घर में बच्चे को अकेला छोड़कर जाने से पहले आपको गैस की सभी स्विच जरूर ऑफ कर देनी चाहिए। कई बार पेरेंट्स जल्दबाजी में ऐसा करना भूल जाते हैं जिसकी वजह से कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### बच्चों की पहुंच से धारदार सामान दूर करें

घर में बच्चों को अकेले छोड़कर जाने से पहले आपको ये जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चों की पहुंच से धारदार सामान जैसे चाकू, छूरी आदि को दूर रखना चाहिए। इसके अलावा बहुत जरूरी यह है कि बच्चों को इन चीजों के बारे में जरूर बताएं कि इनके गलत इस्तेमाल से उन्हें चोट पहुंच सकती है।

### बच्चों को घर में कुछ एक्टिविटी करने की सलाह दें

बच्चों को घर में अकेला छोड़कर जाने से पहले आपको उन्हें खाली छोड़कर नहीं जाना चाहिए। बच्चों की रूचि के आधार पर उन्हें कुछ न कुछ काम जरूर देकर जाना चाहिए। ऐसा करने से बच्चे उसमें व्यस्त रहेंगे।

### बच्चों को कमरे में लॉक न करें

बच्चे को घर पर अकेले छोड़कर जाते समय उन्हें घर में लॉक नहीं करना चाहिए और उन्हें जरूर हिदायत दें कि वे खुद को किसी कमरे में लॉक न करें।

### छत पर खेलने न जाएं

अगर आप किसी कामकाज की वजह से घर से बाहर जाते हैं तो उन्हें घर में अकेले रहने पर ये जरूर सिखाना चाहिए कि वे अकेले रहने पर छत पर खेलने न जाएं। ऐसा करना उनके लिए खतरनाक हो सकता है।

# स्किन के लिए तिल का तेल होता है बहुत फायदेमंद, चेहरे पर रेगुलर लगाने से दूर हो सकती हैं ये समस्याएं

तिल के तेल का इस्तेमाल करने से हमारे स्वास्थ्य को कई फायदे मिलते हैं। इसमें कई औषधीय गुण भी पाए जाते है, जो कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं और कमजोरी को दूर करने में कारगर है लेकिन क्या आपको पता है तिल का तेल स्किन पर लगाने से आपकी त्वचा की दमकती और निखरी हुई नजर आ सकती है। कई लोग बहुत तरह के प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करके थक चुके होते है लेकिन उनकी स्किन प्रॉब्लम्स ठीक नहीं होती है। ऐसे में तिल के तेल का इस्तेमाल आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने और सूर्य की हानिकारक किरणों से भी बचाता है। तिल के तेल में एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटी एजिंग गुण पाए जाते है, जिससे त्वचा की कई समस्याएं दूर हो सकती है। तिल के तेल में विटामिन ई होता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को यूवी किरणों, प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों जैसे पर्यावरणीय कारकों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकता है। इसमें कई आवश्यक फैटी एसिड भी होते हैं। ये एसिड मॉइस्चराइज़र के रूप में काम करते हैं, जो आपकी त्वचा को कोमल, मुलायम और हाइड्रेटेड रखने में मदद कर सकते हैं।

**सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाए :** तिल के तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते है, जिसकी मदद से यूवी किरणों के प्रभाव को कम करने और फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद मिलती है। इसमें पाया जाने वाले सेसमोल आपको सनबर्न से बचा सकता है और स्किन को हाइड्रेट रखने में मददगार साबित हो सकता है। इससे आपकी स्किन खूबसूरत और जवां नजर आती है। साथ ही धूप से खुजली और जलन की समस्या भी तिल का तेल लगाने से कम हो सकता है।

**मुँहासे कम करे :** स्किन के दाग-धब्बे आपकी खूबसूरती खराब कर सकते हैं और आपकी स्किन बेजान नजर आने लगती है। इससे बचने के लिए आप अपनी स्किन पर तिल के तेल लगा सकते है। इसमें एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो चेहरे के कील-मुहांसों को कम करने और दर्द से आराम दिलाने में मदद करते है। इससे फुंसी, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से छुटकारा पाने में मदद मिल सकती है।

**स्किन को मॉइस्चराइजर करे :** तिल का तेल क्षतिग्रस्त त्वचा कोशिकाओं की मरम्मत करता है। वहीं इसमें मौजूद फैटी एसिड और विटामिन की सहायता से झुर्रियों, महीन रेखाओं और बढ़े हुए छिद्रों को कम कर सकते हैं। तिल में मौजूद पॉलीफेनोल्स त्वचा को तैलीय होने से रोकते हैं और प्राकृतिक रूप से स्किन को ऑयल फ्री बनाता है ताकि स्किन ग्लोइंग और निखरी नजर आए।



# राजस्थानी भाषा को मान्यता देने के फैसले का छात्रों ने किया स्वागत

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजस्थानी भाषा को क्षेत्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद प्रदेशभर में खुशी का माहौल है। सरदारशहर के विवेकानंद सीनियर सेकेंडर स्कूल के शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और राजस्थानी भाषा प्रेमियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे राजस्थान की संस्कृति और पहचान के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को निर्देश दिए हैं कि राजस्थानी भाषा को चरणबद्ध तरीके से सरकारी और निजी स्कूलों में विषय के रूप में लागू किया जाए। लंबे समय से राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने की मांग उठती रही है और अब इस फैसले को भाषा के सम्मान से जोड़कर देखा जा रहा है। विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल की डायरेक्टर निशा सैनी ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा को मान्यता मिलने से हमारी संस्कृति को नई पहचान मिलेगी। स्कूलों और कॉलेजों में इस भाषा की पढ़ाई को बढ़ावा मिलेगा, साहित्यकारों और कलाकारों को सम्मान मिलेगा तथा नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा से जुड़ी रहेगी। भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह हमारी सोच, हमारी सभ्यता और हमारी पहचान होती है। आज के युवा वर्ग की भी जिम्मेदारी है कि वे अपनी मातृभाषा पर गर्व करें और उसे आगे बढ़ाने में योगदान दें। हमें घर, समाज और मंचों पर राजस्थानी भाषा का अधिक उपयोग करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी अपनी संस्कृति से जुड़ी रहें। स्कूल की शिक्षा का तमन्ना जोशी ने कहा कि राजस्थानी केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, लोककला और पहचान की आत्मा है। इस भाषा में हमारे पूर्वजों का इतिहास, लोकगीतों की मिठास, वीरता की गाथाएँ और संस्कृति की खुशबू बसती है। राजस्थान की धरती पर बोली जाने वाली राजस्थानी भाषा सदियों पुरानी और समृद्ध भाषा है। इसमें अनेक बोलियाँ जैसे मारवाड़ी, शेखावटी, मेवाड़ी, हाड़ौती, बागड़ी आदि शामिल हैं। उन्होंने कि राजस्थानी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और लोक विरासत की पहचान है। स्कूलों में इसे पढ़ाए जाने से नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा और संस्कृति से और अधिक जुड़ सकेगी। राजस्थानी भाषा की मान्यता को लेकर छात्रों और अभिभावकों ने खुशी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया।

# पेयजल की समस्या को लेकर मीटिंग आयोजित

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** चौफुल्या चंवरा के मोरिंडा में हरिजन बस्ती किशोरपुरा रोड पर पेयजल की सबसे किल्लत जगह पर जल संघर्ष समिति अध्यक्ष नथू राम कामरेड की अध्यक्षता में हरिजन बस्ती की मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें दर्जनों लोगों ने उपस्थिति दर्ज करवाकर इस भयंकर गर्मी हिटवेव, लू की स्थिति में हरिजन बस्ती में पेयजल की अत्यंत गम्भीर गम्भीर समस्या पर सवाल उठाएं। सभी ने एक स्वर में रोड जाम कर धरना प्रदर्शन कर बड़ा आंदोलन खड़ा करने पर अड्डे रहें। इस पर संयोजक एडवोकेट केके सैनी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके यहां किसी तरह की पेयजल सुविधा नहीं होना बहुत गम्भीर बात है, ये भी सही है कि प्रशासन व पीएचईडी विभाग की अनदेखी/नाकामयाबी का जीता-जागता उदाहरण है लेकिन इसके लिए अभी तत्काल केवल और केवल शुद्ध पेयजल टैंकर सप्लाई ही एकमात्र उपाय है, जिसके लिए 10 मई को किशोरपुरा में आयोजित मीटिंग में भी पीएचईडी एईएन अनुप अग्रवाल को अवगत कराकर जल्दी समाधान की बात हुई है, यहां हुए गैस सिलैंडर से हुए विस्फोट से पीड़ित परिवार की भी यथासंभव प्रशासनिक व पर्सनल स्तर पर सहयोग की भी बात हुई। इसी तरह मदन मेघवाल, शीशराम रावत, अध्यक्ष नथू राम कामरेड ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर समझाइश की कोशिश कर संतुष्ट किया गया व जल्दी ही अधिकारियों से पुनः बातचीत कर अगले 2-3 में दिन में टैंकर से पेयजल सप्लाई की बात पर बड़ी मुश्किल से सहमति बनी। इस दौरान महेंद्र सिंह कड़वासरा, विजेन्द्र गोठवाल, बाबूलाल बड़कोदिया, शंकर लाल खींची, जितेन्द्र गोठवाल, जगदीश खींची, रामस्वरूप, मदन लाल बड़जातिया, विजय कुमार, विजेन्द्र, भोपाल सिंह, सुरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र मेघवाल, विजेंद्र मेघवाल व अन्य दर्जनों उपस्थित रहें। सैनी ने बताया कि उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति/अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति की अगली मीटिंग आज उदयपुरवाटी घाट में रखी गई है जिसमें पीएचईडी अधिकारियों के साथ ऐसी पेयजल से संबंधित गम्भीर समस्याओं पर और गम्भीरता से बातचीत कर हर यथासंभव समाधान पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को तहसीलदार के जरिए ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में ग्रीष्मावकाश पूर्ववत रखने, कॉउंसलिंग के समय शाला दर्पण पर रिक्त पदों का प्रदर्शन करने, तृतीय श्रेणी सहित सभी पदों की नियमित व समयबद्ध डीपीसी करने, आरजीएचएस योजना का सुचारू संचालन, शारीरिक शिक्षकों का स्थायीकरण करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति प्रदान करने, पंचायत शिक्षकों को तृतीय श्रेणी शिक्षकों के समान परिलाभ देने, कम्प्यूटर अनुदेशकों को एल-10 में समायोजित कर कम्प्यूटर शिक्षक पदनाम देने व संस्था प्रधान द्वारा घोषित अवकाश यथावत जारी रखने की मांग संगठन द्वारा की गई। इस दौरान बनवारीलाल जांगिड़, मनोज सारस्वत, राजेश कौशिक, जगनाराम सोडा, नीलेश इंदौरिया, पंकज पीपलवा, ओमप्रकाश महर्षि, ऋषि कुमारसिंह, अशोक वर्मा, सुभाष बाकोलिया, अशोक शर्मा, अन्नम भारद्वाज, अंजू चौहान, नंदकिशोर जांगिड़, भूराराम शर्मा, मंजू कुलहरि, विशाल गुप्ता, महावीर मंडार, पवन शर्मा, हिमांशु जैन, अंकित सेवदा, कुलदीप मरोलिया, विशाल शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा समाप्त करने की मांग तेज, नई शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय बहस छेड़ने का आह्वान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नीट परीक्षा 2026 में पेपर लीक और लगातार सामने आ रही अनियमितताओं के बाद अब देशभर में परीक्षा प्रणाली को लेकर विरोध तेज होने लगा है। राष्ट्रीय यूनाइटेड बैकवर्ड क्लासेज एनयूबीसी सहित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ ने केंद्र सरकार से नीट परीक्षा को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग उठाई है। महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को संबोधित मांग पत्र में कहा कि नीट परीक्षा के दौरान लगातार पेपर आउट, तकनीकी गड़बड़ियों और अनियमितताओं ने लाखों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मानसिक तनाव में डाल दिया है।

उनका कहना है कि बार-बार सामने आ रहे विवादों से परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। महासंघ ने सुझाव दिया कि मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए 12वीं कक्षा की मेरिट आधारित प्रणाली लागू करने पर विचार किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इससे विद्यार्थियों को अत्यधिक मानसिक दबाव, महंगी कोचिंग संस्कृति और प्रतियोगी परीक्षा के तनाव से राहत मिल सकेगी। एनयूबीसी के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम मीणा, प्रदेश महासचिव संगठन श्रवण कुमार मेहरड़ा तथा राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक डॉ. मदन यादव ने देशभर के शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों और आमजन से इस मुद्दे पर व्यापक राष्ट्रीय बहस छेड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित में पारदर्शी, न्यायपूर्ण और भरोसेमंद शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/68 दिनांक :- 12-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0158 | ZJU2627GLOB 00327 | 2026_PRD_ 558644_1 |
| 2 | ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी में मनफुल मेघवाल के पास चैम्बर से सार्वजनिक तालाब की ओर एनपी 3 पाईप लाईन कार्य | 7.50 | ZJU2627A 0160 | ZJU2627WSOB 00329 | 2026_PRD_ 558645_1 |
| 3 | ग्राम पंचायत में अम्बेडकर भवन निर्माण | 10.00 | ZJU2627A 0161 | ZJU2627WSOB 00330 | 2026_PRD_ 558647_1 |
| 4 | ग्राम नाहरसिंघानी में श्मशान भूमि /कब्रिस्तान में सिंगल फैश ट्यूबवेल मय विद्युत कनेक्शन निर्माण | 4.40 | ZJU2627A 0163 | ZJU2627WSOB 00333 | - |

प्रशासक
ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरा
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/47 दिनांक :- 12-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0154 | ZJU2627GLRC 00323 | 2026_PRD_ 558522_1 |
| 2 | भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र रामपुरा के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2627A 0155 | ZJU2627WSOB 00324 | 2026_PRD_ 558529_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत रामपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रामपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत जेजूसर
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/22 दिनांक :- 12-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0164 | ZJU2627GLRC 00334 | 2026_PRD_ 558650_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत जेजूसर
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जेजूसर
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/85 दिनांक :- 13-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0178 | ZJU2627GLRC 00352 | 2026_PRD_ 559017_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत पहाडिला
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/27 दिनांक :- 12-05-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 40.00 | ZJU2627A 0156 | ZJU2627GLRC 00325 | 2026_PRD_ 558542_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत पहाडिला
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पहाडिला
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## फोटो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल की सजा

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पोक्सो न्यायालय झुंझुनू के विशिष्ट न्यायाधीश इसरार खोखर ने एक महत्वपूर्ण फैसले में नाबालिग पीड़िता की फोटो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे 3 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। दोषी मोहम्मद अल्ताफ पुत्र मोहम्मद शरीफ, निवासी वार्ड नंबर 7, डूण्डलोद थाना मुकन्दगढ़, जिला झुंझुनू है। न्यायालय ने अन्य धाराओं में भी सजा सुनाते हुए सभी सजाएं साथ-साथ चलाने के आदेश दिए हैं। कुल मिलाकर आरोपी पर 56 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है।

### घटना का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल

प्रकरण के अनुसार 16 अप्रैल 2025 को पीड़िता के पिता ने थाना मुकन्दगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी, जो रिश्ते में पीड़िता का चाचा लगता है, पिछले दो-तीन वर्षों से उसे परेशान कर रहा था। आरोप है कि जून 2023 में आरोपी ने पीड़िता के कमरे में घुसकर उसकी अश्लील फोटो खींच ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने घटना का वीडियो भी बना लिया और बाद में उसी के आधार पर पीडि़ता को ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता को लगातार धमकाया जाता था कि यदि उसने बात नहीं की या विरोध किया तो उसकी फोटो-वीडियो वायरल कर दी जाएगी और जान से मार दिया जाएगा। इसी डर के कारण आरोपी ने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया।

### धमकियों से परेशान होकर खोला राज

घटना का खुलासा तब हुआ जब 12 अप्रैल 2025 को आरोपी ने पीड़िता पर घर से भागने का दबाव बनाया और मना करने पर उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। इससे भयभीत होकर पीड़िता ने पूरी घटना अपने पिता को बताई, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया।

### अदालत में यह हुआ

पुलिस ने जांच पूरी कर आरोपी के खिलाफ पोक्सो न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने 15 गवाहों के बयान करवाए और 35 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए। अदालत ने सभी साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण करते हुए आरोपी को दोषी माना और कठोर सजा सुनाई।

## चार घंटे मे अपहरण की झूठी साजिश रचने का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा थाना पुलिस ने महज चार घंटे में कथित अपहरण मामले का खुलासा करते हुए युवक द्वारा खुद के ही अपहरण की झूठी साजिश रचने का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी विष्णु जोशी सहित उसके तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 13 मई को वीर तेजाजी मंदिर के पास निवासी अनुराधा पत्नी नेमचंद ने नोखा थाने में रिपोर्ट दी कि देर रात करीब दो से ढाई बजे के बीच अज्ञात लोगों ने उनके बेटे विष्णु का अपहरण कर लिया है और उसके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश, एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारीलाल और नोखा सीओ जरनैल सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी अरविंद कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की और विष्णु के दोस्तों को संदेह के आधार पर तलब किया। जांच में सामने आया कि विष्णु जोशी ने अपने दोस्तों नारायण पारीक, गौरीशंकर पारीक और शिवलाल विश्नोई के साथ मिलकर खुद पर हमले और अपहरण का झूठा वीडियो बनाया था। इसके बाद उसने वह वीडियो अपने भाई को व्हाट्सएप पर भेज दिया और मोबाइल बंद कर दोस्त के घर जाकर सो गया ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि विष्णु पूर्व में दर्ज एक प्रकरण में पुलिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से यह साजिश रची गई थी। मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने विष्णु जोशी, गौरीशंकर पारीक, नारायण पारीक और शिवलाल विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी अरविंद कुमार, उपनिरीक्षक ताराचंद मीणा, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल गणेश गुर्जर और लक्ष्मण की विशेष भूमिका रही।

## गर्मियों की छुट्टियों में गायत्री परिवार चलाएगा नि:शुल्क बाल संस्कार शाला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के नैतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए जयपुर सहित प्रदेशभर में नि:शुल्क बाल संस्कार शालाओं का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 21 मई से प्रारंभ होकर एक माह तक विभिन्न क्षेत्रों में संचालित होगा। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं जीवनोपयोगी संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से जयपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर बाल संस्कार शालाएं प्रारंभ की जा रही हैं। इन संस्कार शालाओं में कक्षा 5 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा, किन्तु पंजीयन अनिवार्य होगा।

### यह रहेगा पाठ्यक्रम

संस्कार शालाओं में बच्चों को गीता ज्ञान, रामचरितमानस, गायत्री महामंत्र, प्रज्ञा गीत, योग-प्राणायाम, स्वास्थ्य संवर्धन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, पर्यावरण संरक्षण, संगीत, गायन-वादन, व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक शिक्षा जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही खेलकूद, प्रेरणादायी गतिविधियां, समूह चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी संस्कार शालाएं पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर संचालित होंगी। इसलिए अभिभावकों से समय रहते बच्चों का पंजीयन कराने की अपील की गई है। मानसरोवर स्थित गायत्री वेदना निवारण केन्द्र सहित झोटवाड़ा, सत्य नगर, ब्रह्मपुरी, दुर्गापुरा, प्रतापनगर-सांगानेर, करधनी, हरनाथपुरा, मुरलीपुरा तथा रॉयल सिटी क्षेत्र में भी बाल संस्कार शालाएं संचालित की जाएंगी। करधनी क्षेत्र में गुरुकुल विद्याश्रम स्कूल एवं हरनाथपुरा सीनियर सेकंडरी गवर्नमेंट स्कूल में भी विशेष संस्कार शालाओं का आयोजन होगा।

# गौ चिकित्सालय का हुआ शिलान्यास



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** श्री रामनिवास साबू पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट बैंगलोर द्वारा श्रीराम गौशाला लोसल में भव्य गौ चिकित्सालय भवन बनाया जाएगा। गुरूवार को इसका भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन के साथ-साथ ब्लॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण भी रखा गया। इस अवसर पर धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, अस्पताल के भामाशाह श्रीराम साबू, कमल साबू, आचार्य पंडित महावीर प्रसाद जोशी, भामाशाह नारायण सिंह नरूका, ओमप्रकाश कुमावत, दिलीप खेतान, मानक चंद गौड़, बलदेवाराम सुंडा, रतनलाल महला, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इस्माइल नागोरी, पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल बाजिया, ओमप्रकाश बिजारणियां, बी आर हरिपुरा, जोधराज रैगर, गौरी शंकर शर्मा, मुकेश चितावत, विकास खेतान, महेश स्वामी, घासीराम भार्गव, नटवरलाल पंसारी, मूलचंद कालिका, विकास पटवारी, हेमराज कुमावत, शंकर कुमावत, शरीफ कुरैशी, नासिर नाज, डॉ गोविंद राम कुचामन वाले, गणेश राम सुंडा सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहें । इस अवसर पर गौ रक्षा दल टीम का साफा और माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया गया । धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने कहा कि गौ सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और जो यह कार्य करता उसका भविष्य उज्ज्वल होता है। साथ ही विधायक ने गौशाला में पर्याप्त रोशनी हो इसके लिए हाई मास्क लाइट लगाने की घोषणा भी की। साथ ही नगर के भामाशाह नारायण सिंह नरूका ने कर्मचारी आवास निर्माण की घोषणा की, साथ ही समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण कालिका ने बताया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौशाला में एक स्थाई फंड का निर्माण किया जा रहा है जिसकी राशि करीब 5 करोड़ रुपए होगी।

उक्त राशि गौशाला की आपातकालीन स्थिति में चलाने के लिए साथ ही गौशाला को आत्मनिर्भर करने के लिए यह मुहिम प्रारंभ की गई है और भामाशाह परिवार का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। जिसमें सर्वप्रथम भामाशाह भंवरलाल एक लाख रुपए देने की घोषणा की। मंच संचालन मास्टर सत्यनारायण रोहलन ने किया।

## ज्ञापन : आरजीएचएस व ग्रीष्म अवकाश मुद्दों पर गरजा शैक्षिक महासंघ

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा राजस्थान इकाई तारानगर की ओर से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश में वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी एवं भीषण तापमान की परिस्थितियाँ बनी हुई हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या रहती है, जिसके कारण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रीष्मकालीन अवकाश विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं शारीरिक सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक होता है। राजस्थान जैसे गर्म प्रदेश में तापमान कई स्थानों पर 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुँच जाता है। ऐसे में अवकाश अवधि में कटौती करना विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली, पेयजल एवं शीतल वातावरण की सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होने के कारण बच्चों के लिए विद्यालय आना कठिन एवं जोखिमपूर्ण हो जाता है। अभिभावकों एवं आमजन में भी इस निर्णय को लेकर असंतोष व्याप्त है।

प्रदेश में राजकीय महाविद्यालयों में 61 दिन का अवकाश, नवोदय विद्यालयों में 60 दिन का अवकाश, केंद्रीय विद्यालयों में 49 दिन का अवकाश होता है परन्तु राजकीय विद्यालयों में अवकाश कटौती कर 35 दिन का कर दिया है। इसके साथ ही एच एम पावर का अवकाश भी कम कर दिया गया है वह भी वापस किया जाए।




विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए शिविरा में पुन: संशोधन कर ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती के निर्णय पर पुनर्विचार कर यथावत अवकाश रखा जाए। आरजीएचएस की सुविधा बहाल की जाए। ज्ञापन देने वालों में खंड अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मंगलेश खत्री, आनंदसिंह, प्रदीप कुमार पालीवाल, श्रवण सिंह चारण, मांगीलाल, इंद्र सिंह, सुल्तान सिंह, कमल नरेश, विजय सिंह गोदारा, रामकरण प्रजापत, अमरिंदर सैनी, अश्वनी कुमार स्वामी, पूरखचंद सैनी, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार, भागीरथ, संतलाल, प्रभु दयाल, ताराचंद, रोहिताश सिंह आदि शिक्षक साथी मौजूद रहे।

## भाजपा की संगठनात्मक मासिक बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा जिला पदाधिकारियों की मासिक बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय में हुई। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि ग्राम रथ अभियान में सभी पदाधिकारी भाग ले। कहा कि ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाएं बताएं, उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनकी मॉनिटरिंग करें, लाभार्थी योजनाओं के बारे में बताएं। कहा कि 22 से 24 जून तक जयपुर में आयोजित किसान मेला के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दें और उसमें भाग लेने के लिए कहें।

कहा कि सभी पदाधिकारी कार्य विभाजन करते हुए काम की निरंतर मॉनिटरिंग करें। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने ग्राम रथ अभियान एवं संगठनात्मक कार्यों की जानकारी दी। बैठक में राजेश रोलन, रामावतार रूंथला, रमेश जलधारी, नेमीचंद कुमावत, अजय खर्रा, महेंद्र जोशी, नंदलाल बिजारणियां, करण सिंह, प्रभु सिंह सेवद, जितेंद्र माथुर, गोविंद बिजारणिया, श्रीहरि बियानी, सुमित्रा सैनी, डॉ अर्चना पुरोहित, गजेंद्र चारण, बनवारी यादव, रामचंद्र बगड़िया, प्रियंका बाजिया आदि मौजूद रहे।

# दो युवा आईटी इंजीनियरों ने समझी पीएम की पीड़ा और शुरू कर दी शेयरिंग बस

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और कार शेयरिंग को प्रोत्साहित करने के आह्वान से प्रेरित होकर आईटी इंजीनियर आशुतोष भट्ट और अभिषेक शर्मा ने ऑफिस ग्लाइडर नामक ऐप आधारित साझा वातानुकूलित बस सेवा की शुरुआत की है। राजधानी में बढ़ते ट्रैफिक जाम, ईंधन की बढ़ती खपत और प्रदूषण जैसी शहरी चुनौतियों के बीच सार्वजनिक परिवहन और वाहन साझाकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव पहल है। यह राजस्थान सरकार के आई-स्टार्ट से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप है। इसका उद्देश्य निजी वाहनों पर निर्भरता कम कर शहर में यातायात दबाव घटाना, प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग देना तथा रोजाना वाहन चलाने से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक तनाव को कम करना है। ऑफिस ग्लाइडर विशेष रूप से सचिवालय और आसपास स्थित सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है। इस सेवा के माध्यम से कर्मचारी मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा साप्ताहिक अथवा मासिक आधार पर सीट आरक्षित कर सकते हैं। सेवा में घर के नजदीक से पिकअप एवं ड्रॉप सुविधा, आरक्षित सीट, बस की लाइव ट्रैकिंग, सुरक्षित यात्रा वातावरण और आरामदायक छोटी वातानुकूलित बसों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्टार्टअप संस्थापक आशुतोष भट्ट ने बताया कि जब उन्होंने विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों से संवाद किया तो बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने साझा परिवहन व्यवस्था में रुचि दिखाई। सचिवालय, स्वास्थ्य भवन, योजना भवन, उद्योग भवन, एजी कार्यालय और आयकर विभाग सहित कई कार्यालयों के 150 से अधिक कर्मचारियों ने इस पहल को सकारात्मक बताते हुए सुझाव दिए। कर्मचारियों की मांग और प्रतिक्रिया के आधार पर मुरलीपुरा-सचिवालय-मुरलीपुरा परीक्षण मार्ग को अंतिम रूप दिया गया और इसका संचालन शुरू किया गया। आशुतोष भट्ट ने बताया कि पिछले 15 दिनों तक कर्मचारियों को नि:शुल्क यात्रा कराकर सेवा का सफल परीक्षण किया गया। परीक्षण अवधि के दौरान कर्मचारियों ने समय की बचत, तनावमुक्त यात्रा और पार्किंग की परेशानी से राहत मिलने जैसे अनुभव साझा किए। अब यह सुविधा लागत मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग निजी वाहनों के बजाय साझा सार्वजनिक परिवहन को अपनाने के लिए प्रेरित हों। उल्लेखनीय है कि यदि एक बस में 20 से 35 कर्मचारी एक साथ यात्रा करते हैं तो इससे सड़क पर उतने ही निजी वाहन कम होंगे। इससे ईंधन की बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी और शहर के ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। जानकारों का मानना है कि भविष्य का शहरी परिवहन साझा एवं तकनीक आधारित मॉडल पर ही आधारित होगा। ऑफिस ग्लाइडर के सह-संस्थापक अभिषेक शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में कर्मचारियों की मांग और फीडबैक के आधार पर जयपुर के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी यह सेवा विस्तारित की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार भी सहयोग चाहिए। यह केवल एक व्यावसायिक सेवा नहीं बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी से जुड़ा अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को कार शेयरिंग और सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



शहर में तेजी से बढ़ते ट्रैफिक और पार्किंग संकट के बीच युवाओं की यह पहल अब एक नए शहरी परिवहन मॉडल के रूप में चर्चा में है। यदि सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारी इस प्रकार की साझा परिवहन सेवाओं को अपनाते हैं तो इससे न केवल ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के राष्ट्रीय प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी।

## वेद मंत्रोच्चार से किया नृसिंह भगवान का पंचामृत अभिषेक-श्रृंगार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रदोष के दिन गुरुवार को चांदपोल बाजार के नींदड़ रावजी का रास्ता स्थित मंदिर श्री नृसिंह जी अग्रवाल पंचायत समिति का पाटोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। मंदिर श्री नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि मंदिर श्री नृसिंह अग्रवाल पंचायत समिति के मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल, संरक्षक रतन लाल अग्रवाल, रामेश्वर चौधरी ने विधि विधान से पूजा-अर्चना की। सत्यनारायण घी वाला, समिति के सांस्कृतिक मंत्री जुगल किशोर अग्रवाल, सदस्य अरुण अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुनील रिंगस्या, डिम्पल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, समिति उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक राधा गोविन्द अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने भगवान की महाआरती की। पाटोत्सव के दौरान मंदिर महंत पं मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में और पं उमेश व्यास के आचार्यत्व में नृसिंह भगवान सहित अन्य विग्रहों का सुबह भगवान नृसिंह का वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत, फल, सर्वोषधि, फलों के रस सहित अन्य सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया गया। गणेश-गौरी, कलश, वास्तु पुरुष, सोडश मातृका, दस दिग्पाल की पूजा-अर्चना की गई। ठाकुरजी को नवीन पोशाक धारण कराकर फूल बंगला झांकी सजाई गई। इसके बाद अग्नि प्रज्वलन कर विश्व कल्याण की कामना के साथ हवन में आहुतियां प्रदान की गई। नवीन पोशाक धारण कराकर आकर्षक श्रृंगार के बाद महाआरती की गई। अड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। मंदिर परिसर को कोलकाता से मंगाए रंग-बिरंगे फूलों और बांदरवाल से सजाया गया। महाआरती में अनेक मंदिरों के संत-महंत, जन प्रतिनिधि सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अष्टयाम सेवा महोत्सव में हुआ ठाकुरजी का ब्याह

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक सम्प्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में आयोजित अष्टयाम सेवा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जू सरकार के विविध लाड़ लड़ाए गए। इनमें ब्यारु भोग और विवाह महोत्सव प्रमुख रहे। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि ब्रज और वृन्दावन की परंपरा में श्री प्रिया-लाल राधा-कृष्ण को रात में अर्पित किए जाने वाले विशेष भोजन को ब्यारु भोग कहा जाता है। यह रात्रि में ठाकुरजी के शयन से पहले का मुख्य प्रसाद होता है। यह भक्ति और प्रेम का प्रतीक है। यह मुख्य रूप से निकुंज सेवा के अंतर्गत आने वाला एक आध्यात्मिक भाव है। इस मौके पर ब्यारु करत है घनश्याम दूध भात खोवा बासुंदी ले आई ब्रजबाल आशकरण प्रभु मोहन नागर अंग अंग अभिराम जैसे पदों का गायन किया गया। इसके बाद ठाकुरजी का विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वैष्णव भक्तों ने विवाह का जमकर आनंद लूटा। श्री सरस परिकर को फूलों से सजाया गया। अष्टयाम सेवा के अंतर्गत 15 मई को आचार्य जयंती महोत्सव एवं शयन कुंज के साथ अष्टयाम सेवा महोत्सव का समापन होगा।

## पीड़िता को दिलाया पीड़ित प्रतिकर

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** पीठासीन अधिकारी सुरेंद्र कौशिक द्वारा सत्र प्रकरण संख्या 23/2021 में पीड़िता के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी विनोद कुमार निवासी गोलसर को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया था। साथ ही न्यायालय द्वारा पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर दिलाए जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू को अनुशंसा प्रेषित की गई। इस प्रकरण में पीड़िता की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक डॉ जयाकांत बीवाल द्वारा की गई। तालुका विधिक सेवा समिति, सचिव लक्ष्मी सैनी ने बताया कि न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर यह पाया गया कि पीड़िता परित्यक्ता, विकलांग, मंदबुद्धि एवं मूक-बधिर है तथा अपनी माता के साथ रह रही है। न्यायालय के आदेशानुसार की गई अनुशंसा पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा राजस्थान विक्टिम कम्पनसेशन स्कीम, 2011 के अंतर्गत अभूतपूर्व कदम उठाते हुए पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत छह लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त राशि में से साढ़े चार लाख रुपये की राशि पाँच वर्ष की अवधि हेतु एफडीआर के रूप में तथा शेष डेढ़ लाख रुपये की राशि पीड़िता के बचत बैंक खाते में जमा कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही आमजन को यह संदेश दिया गया कि अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को राजस्थान विक्टिम कम्पनसेशन स्कीम, 2011 के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है, जिससे पात्र व्यक्तियों को राहत एवं संबल प्राप्त हो सके। पीड़ितों को इस प्रकार प्रतिकर प्रदान किए जाने से समाज में नई जागरूकता उत्पन्न हुई है तथा पीड़ित सहायता एवं पुनर्वास के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित हुआ है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** देश के पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को खाचरियावास में श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए पूर्व सरपंच रामसिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम शुक्रवार को सुबह साढ़े 8 बजे श्रीमती कमला देवी धूत राजकीय रैफरल अस्पताल के पास स्थित शेखावत स्मारक खाचरियावास में आयोजित होगा। कार्यक्रम में स्व. भैरोंसिंह शेखावत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की हैं।


**Office of Executive Engineer Watershed development and soil conservation khandela (Sikar)**

ई-मेल- www.piakhandela@gmail.com

No.:- 99 Date: 11.05.2026

**NOTICE INVITING BID**

**Tender No 02 Year 2026-27**

Bid for Construction of Tanka 02 No, RTWHS 37 No and Farm Pond 13 No under PMKSY-2.0, XEn WDSC Block Khandela, Sikar Rajasthan are invited from interested bidders from Date 12.05.2026 Time 10.00 AM to Date 21.05.2026 Time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and https://water.rajasthan.gov.in/wdsc

NIB No. WSC2627A0213

UBN No.- WSC2627WSOB00349

(Surendra kumar meel)

Ex.En & PIA

DIPR/C/8375/2026 WDSC, khandela, sikar



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190